UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

करण वाणी

4 1800 से अधिक अवैध निर्माण हुए...

5 डीएम ने जिला कारागार का किया...

6 सरकारी कार्यालयों पर अधिकारियों...

● वर्ष : 09 ● अंक : 1 ● लखनऊ, सोमवार 29 जुलाई 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

12 साल का इंतजार खत्म

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज

पेरिस ओलंपिक 2024

एजेंसी

पेरिस। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोल दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

फाइनल में मनु ने शुरू से ही तीसरा स्थान बरकरार रखा और तीसरा स्थान ही हासिल किया। इस स्पर्धा का गोल्ड और सिल्वर दक्षिण कोरिया की दो एथलीट्स ने जीता। ओह ने जिन 243.2 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इससे पहले मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। वह शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल जीता था। वहीं इससे पहले पेरिस ओलंपिक के पहले दिन शाम होते-होते भारत के लिए अच्छी खबर आई थी। एक तरफ जहां दिग्गज शूटरों ने भारत को निराश किया था तो वहीं, मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 580 अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर हहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97स तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए थे।

मनु बनीं पहली भारतीय महिला शूटर

इसके साथ ही ओलंपिक में भारत के लिए इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड मेडल जीता था। मनु शूटिंग ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीतने वाली चौथी खिलाड़ी बनीं। वहीं वह पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने शूटिंग में ओलंपिक में मेडल जीता।

श्रीलंकाई महिला टीम पहली बार बनी एशिया की चैंपियन

महिला एशिया कप 2024

▸▸ दूसरी बार भारत ने गंवाया खिताब

नई दिल्ली। श्रीलंकाई महिला टीम ने अपने घर में खेले गए महिला एशिया कप 2024 टूर्नामेंट में इतिहास रच दिया है। फाइनल मुकाबला रविवार को दांबुला में खेला गया। जिसमें श्रीलंका ने भारतीय महिला टीम को 8 विकेट से हराकर पहली बार खिताब जीत लिया है।

बता दें कि, भारत विमेंस एशिया कप की सबसे सफल टीम है। अब तक महिला एशिया कप के 9 सीजन हो चुके हैं, जिससे से भारतीय टीम 7 बार चैंपियन रही है। पिछली बार 2022 में विमेंस एशिया कप खेला गया था। तब भारत ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

महिला एशिया कप के पिछले 8 सीजन में से एक ही बार बांग्लादेश ने 2018 सीजन अपने नाम किया था। 7 बार भारत जीता था। लेकिन ये 9वां सीजन श्रीलंकाई टीम ने जीतकर इतिहास रच दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान टीम अब तक कोई भी महिला एशिया कप खिलाब नहीं जीत सकी।

पिता ने कंपकंपाते हाथों से बेटे को दी सलामी... फिर मुखाग्नि

संवाददाता

बदायूं। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान बलिदान हुए मोहित राठौर (25) हर आंख को नम कर गए। देश की रक्षा के लिए बलिदान हुए सेना के जवान मोहित राठौर की शौर्यगाथा से बदायूं जिला गूंज उठा। रविवार को उनके अंतिम दर्शन के लिए हाथों में तिरंगा और पुष्प लेकर जिले के विभिन्न हिस्सों के लोग गांव तक पहुंचे। अंतिम विदाई के दौरान बलिदानी की पत्नी और बहनें रो-रोकर बेसुध हो गईं। परिजनों ने किसी तरह उन्हें संभाला। सैन्य सम्मान के साथ बलिदानी को सलामी दी गई और फिर अंतिम संस्कार हुआ। पिता नत्थू सिंह राठौर ने बहादुर बेटे को मुखाग्नि दी।

हजारों लोगों के साथ जनप्रतिनिधि और जिले के आला अधिकारियों ने नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर में बलिदानी मोहित राठौर के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी। युवा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और शहीद मोहित राठौर अमर रहें के नारे लगा रहे थे। इस्लामनगर से उनके गांव तक पुष्पवर्षा कर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई।

गम और गर्व के माहौल में सेना के जवान तिरंगे में लिपटे बलिदानी मोहित राठौर का पार्थिव शरीर लेकर सभानगर गांव पहुंचे तो हर कोई रो पड़ा। पति का शव देखकर पत्नी रूचि बेहोश हो गई। बहनें भी बेसुध हो गईं। पिता नत्थूलाल सिंह बदहवास हो गए। परिजनों ने इन लोगों को संभाला।

तमिलनाडु में भाजपा नेता की पीट-पीटकर हत्या, रात में ईंट भट्ठे से लौट रहे थे घर

चेन्नई। तमिलनाडु के शिवगंगा में भाजपा नेता की शनिवार रात हत्या कर दी गई। स्टेट बीजेपी चीफ अन्नामलाई ने इसे लेकर राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। साथ ही, इसके लिए सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम का कहना है कि इस हत्याकांड को राजनीति से जोड़ना सही नहीं है।

बता दें कि सेल्वाकुमार शिवगंगा के भाजपा जिला सचिव थे। उन पर उस समय हमला किया गया जब वह अपने ईंट भट्ठे से बाइक पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हे घेर लिया और पीट-पीटकर मार डाला। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा नेता की हत्या करने के बाद हमलावर उन्हें सड़क किनारे छोड़कर चले गए। राहगीरों ने सेल्वाकुमार को खून से लथपथ देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पांच कुंतल से ज्यादा लगेज ले जाने पर ड्राइवर-कंडक्टरों पर गिरेगी गाज

यूपी रोडवेज

संवाददाता

लखनऊ। यूपी रोडवेज ने अपने एक पुराने नियम को सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है। अब बसों में पांच कुंतल से अधिक लगेज ले जाने पर ड्राइवर व कंडक्टरों पर गाज गिरेगी। इस पर रोडवेज प्रशासन ने सख्त लहजा अपनाया है। बगैर बुकिंग लगेज ले जाने वाले कर्मचारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। वहीं प्रत्येक यात्री अपने साथ बीस किलो तक सामान निःशुल्क ले जा सकेगा।

यात्रियों की सुरक्षा व बसों के सुरक्षित संचालन के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक रामसिंह वर्मा ने बताया कि बस में व्यावसायिक सामानों की बुकिंग को लेकर दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत पांच कुंतल से कम भार के सामान बुक होने पर सामान के मालिक का मौके पर होना जरूरी है।

इतना ही नहीं बस के अंदर सामान इस प्रकार नहीं रखा जाएगा, जिससे यात्रियों को बैठने में असुविधाओं का सामना करना पड़े। इसकी निगरानी के लिए एटीआई को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बता दें कि बगैर बुकिंग सामान ले जाकर कर्मचारी अपनी जेबें भर रहे हैं, इससे रोडवेज को राजस्व का नुकसान होता है।

ब्लिंकिट कर्मियों ने बोला कांवड़ियों पर हमला

▸▸ पथराव के बाद फायरिंग, एक का सिर फूटा

संवाददाता

आगरा। आगरा जिले में फतेहाबाद मार्ग पर बसई कला के पास रविवार को ब्लिंकट कंपनी के कर्मचारियों का कांवड़ियों से विवाद हो गया। इस घटना ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। ब्लिंकट के कर्मचारियों ने हमला बोल दिया। पथराव और फायरिंग से दहशत फैल गई। एक कांवड़िया का सिर फूट गया। पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाला। आधा दर्जन से अधिक ब्लिंकिट कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बलवा, मारपीट, पथराव और जानलेवा हमले की धारा के तहत मुकदमा लिखा है। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। बसई खुर्द के युवक सोरों से कांवड़ लेकर आए थे। कृष्णा ने पुलिस को बताया कि वे करीब आधा दर्जन लोग थे। सड़क पार कर रहे थे।

साथियों ने सामने से दोपहिया पर आ रहे ब्लिंकिट के कर्मचारियों को रोका। कहा कि पहले कांवड़ निकलेगी। इस बात पर विवाद हुआ। ब्लिंकिट कंपनी ऑनलाइन आर्डर पर घरेलू सामान की डिलीवरी करती है। इसका गोदाम सागा एंपोरियम के पीछे है। स्कूटी सवार कर्मचारियों ने अपने साथियों को बुला लिया। कंपनी के कर्मचारियों ने आते ही बवाल शुरू कर दिया। पथराव किया। अफरातफरी मच गई। उनकी बस्ती से भी लोग बाहर आ गए। बचाव में उनकी तरफ से भी लोगों ने ईंट-पत्थर फेंके। एक पत्थर उसके सिर पर लगा। सिर फूट गया। कंपनी के कर्मचारियों ने फतेहाबाद मार्ग पर तमंचे से गोलियां चलाईं। दहशत में ट्रैफिक रुक गया। दुकानों के शटर गिर गए। राहगीर बुरी तरह सहम गए।

एसीपी ने की फायरिंग की पुष्टि

एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया कि रास्ते से स्कूटी हटाने को लेकर विवाद हुआ था। पथराव और फायरिंग हुई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। सभी को जेल भेजा जाएगा।

सीयूईटी रिजल्ट पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए सिर्फ 24 घंटे की मोहलत

▸▸ 283 विश्वविद्यालयों में मिलेगा दाखिला

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यानी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यूजी 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी एनटीए सीयूईटी की आधिकारिक वेबसाइट eXams.nta.ac.in/CUET-UG, cuetug.ntaonline.in पर जाकर अपना परिणाम चेक कर सकते हैं।

एनटीए ने कहा है कि अगर किसी भी विद्यार्थी को सीयूईटी यूजी परीक्षा परिणाम को लेकर कोई शिकायत है तो वह 24 घंटे के भीतर उसे दर्ज करा सकता है। विद्यार्थी को अपनी शिकायत एप्लीकेशन नंबर, नाम, विषय कोड/ विषय नाम व परीक्षा की तिथि की डिटेल के साथ rescuetug@nta.ac.in पर ईमेल करनी होगी। रिजल्ट से पहले गुरुवार को एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी की थी।

एनटीए को आंसर-की पर 9512 आपत्तियां मिली थी जिसमें से 1782 यूनिक थीं। उम्मीदवारों ने ईमेल और पत्र भेजकर भी अपनी कई तरह की आपत्तियां भेजी थीं। इन सभी अनुरोधों को ध्यान में रखकर ही फाइनल आंसर-की व रिजल्ट तैयारी किए गए।

शालीनता और मर्यादा में रहकर सदन में बहस करें विधायकः सतीश महाना

संवाददाता

लखनऊ। 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल मॉनसून सत्र से पहले स्पीकर सतीश महाना ने सभी दलीय नेताओं के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं से कहा कि वह सदन में अपना पक्ष शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अन्तर्गत रखते हुए प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें।

रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री को भी शामिल होना था लेकिन वह समय से नहीं पहुंच सके। सतीश महाना ने कहा कि सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सतीश महाना ने नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को बधाई देते हुए कहा कि उनके लम्बे राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश की विधानसभा को मिलेगा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि नई परम्पराओं के कारण यूपी विधानसभा अब देश के लिए एक रोल माडल बन चुकी है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गम्भीरता के साथ सदन में सदस्यों के प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से तथा विकास को नई गति देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे

▸▸ सपा की बैठक के बाद लिया गया फैसला

संवाददाता

लखनऊ। सपा विधायक दल की बैठक समाप्त हो गई है। विधान सभा सदस्य माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इस दौड़ में इंद्रजीत सरोज का नाम भी तेजी से चल रहा था, लेकिन अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया। इसके अलावा सपा ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खुद थे।

नयी जिम्मेदारी पर खरा उतरूंगा

संवाददाता

बरेली। झारखंड का राज्यपाल नियुक्ते त किए जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें जो नयी जिम्मेदारी दी है, वह उस पर खरा उतरेंगे। गंगवार, बरेली संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रह चुके हैं।

राष्ट्रपति भवन द्वारा शनिवार रात जारी विज्ञप्ति के अनुसार झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उनके स्थान पर संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल होंगे। गंगवार को राज्यपाल नियुक्त किए जाने की घोषणा होते ही शनिवार रात में ही बरेली में उनके भारत सेवा ट्रस्ट स्थित आवास पर प्रमुख कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया और मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान गंगवार हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकारते रहे। संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार रात करीब एक बजे पत्रकारों से कहा, ''मुझे जो नयी जिम्मेदारी मिली है, उस पर खरा उतरूंगा।'' नयी भूमिका मिलने से अभिभूत गंगवार ने कहा, ''पार्टी ने हमेशा बिना मांगे मुझे सब कुछ दिया। अब राज्यपाल बनाकर मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभारी हूं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''उन्होंने (मोदी) मेरे लिए जो नयी जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरूंगा। क्षेत्र (बरेली) की जनता का भी आभार, जिसने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर लगातार भरोसा जताया।

यूपी प्रीमियर लीग 25 अगस्त से लखनऊ में

▸▸ भुवनेश्वर कुमार और शिवम मावी सबसे महंगे बिके

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन 25 अगस्त से अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में किया जाएगा। कल 35 मुकाबले खेले जाएंगे और लगभग हर दिन दो मैच होंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन रविवार को किया गया। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेंट्रम होटल में नीलामी के दौरान सबसे महंगे भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यम गति के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार बिके। उनको लगभग 35 लाख रुपये की कीमत पर लखनऊ की टीम ने खरीदा।

वहीं शिवम मावी को भी अच्छे दाम मिले। भारतीय क्रिकेट टीम के लेग स्पिनर रहे पीयूष चावला केवल बेस प्राइस यानी 7 लाख रुपये में नोएडा की टीम के हवाले हुए।

पिकअप से पिता समेत आठ को रौंदा

शर्मनाक

संवाददाता

आजमगढ़। आजमगढ़ में बीते शुक्रवार रात एक कलयुगी बेटे ने खौफनाक कदम उठाया। उसने पिता समेत आठ लोगों को पिकअप से रौंद दिया। वहीं, इस घटना में पिता की मौत हो गई। चपेट में आने से पास-पड़ोस के सात लोग घायल हो गए। जिनमें से 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

ये घटना गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो का है। सिधारीगंज बाजार में 50 साल के सलाउद्दीन परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे सलाउद्दीन के बड़े बेटे अफरोज और छोटे बेटे फिरोज में पिकअप चलाने को लेकर विवाद हो गया। परिवार के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया। इस बीच फिरोज पिकअप लेकर वहां पहुंचा और पिता सलाउद्दीन समेत वहां खड़े सभी लोगों को रौंदते हुए चला गया।

पिकअप की चपेट में आने से सलाउद्दीन, पड़ोसी 50 वर्षीय संतोष गोंड़ और उनके तीन बेटे 22 वर्षीय सुनील गोंड़, 19 वर्षीय विष्णु गोंड़ और 17 वर्षीय अभिमन्यु घायल हो गए। 21 वर्षीय अंशुल गोंड़, 40 वर्षीय वीना गोंड़ पत्नी अनिल, 45 वर्षीय अफसरी पत्नी तौफिक को भी चोटें आईं।

पंचायत में चले ईंट-पत्थर, गांव में पुलिस फोर्स तैनात

श्रावस्ती। यूपी के श्रावस्ती जिले के एक गांव में पंचायत के दौरान बवाल हो गया। अचानक से ईंट-पत्थर चलने लगे। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। बवाल की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। माहौल को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में सती माता मंदिर पर महाउतो की पंचायत बुलाई गई। पंचायत में विष्णु के साथ हुई दो महिलाओं की शादी का मुद्दा उठाया गया। इस पंचायत में दूर-दराज की महिला और पुरुष महावतों ने भी भाग लिया। पंचायत में बात चल रही थी कि अचानक से माहौल बिगड़ गया। इस दौरान पंचायत में बैठे लोगों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए।

उपभोक्ता से पैसे मांगने में जेई और विजिलेंस प्रभारी सस्पेंड

संवाददाता

लखनऊ/ बलिया। बलिया में ट्रकों से वसूली में पुलिस अफसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद अब बिजली विभाग का नंबर आया है। घूसखोरी के मामले में दो अफसरों के खिलाफ ऊर्जा मंत्री ने कार्रवाई की है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अर्न्तगत विद्युत चोरी के एक मामले में रिपोर्ट न दर्ज कराने के नाम पर उपभोक्ता से पैसा मांगने की वायरल आडियो क्लिप का संज्ञान लेते हुए एक्शन लिया है। ऊर्जा मंत्री ने अवर अभियन्ता तथ प्रभारी विजिलेंस को तत्काल निलंबित करते हुए तत्कालीन मुख्य आरक्षी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ग्राम व पोस्ट चंद्रावर, बलिया निवासी विवेक कुमार चौहान तथा अंकित कुमार यादव से पैसा मांगने का ऑडियो क्लिप का संज्ञान लिया। इसके बाद अवर अभियंता विजिलेंस गोपीचंद गुप्ता तथा उप निरीक्षक प्रभारी प्रवर्तन दल अमित कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही बलिया के तत्कालीन मुख्य आरक्षी राजकुमार (वर्तमान में फिरोजाबाद जनपद में तैनात) के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को निर्देश दिए हैं।

संक्षिप्त खबरें

खादिम शो-रूम में लगी आग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विकास नगर थाना क्षेत्र में कुर्सी रोड स्थित खादिम शो रूम में शनिवार सुबह आग लग गई। शो-रूम में धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। वहीं आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इसबीच मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। दमकल विभाग ने आग शार्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई है। शो-रूम मालिक या मैनेजर के बताने पर नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकेगा।

एलपीजी रिफिलिंग के दौरान वैन में लगी भीषण आग

लखनऊ। राजधानी में बड़ा हादसा हुआ हुआ है। राजधनी से सटे इटौंजा कसबे में अवैध तरीके से एलपीजी रिफिलिंग के दौरान एक मारूति वैन में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोग दूर तक भागने लगे। मौके पर लोगों का मजमा लग गया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पाया है। वहीँ आग लगने से गाड़ी राख हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस जांच करने की बात कह रही है। राहत की बात ये है कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

बिजली बिलिंग में लापरवाही पर मलिहाबाद जेई निलंबित

लखनऊ। लेसा ने राजस्व वसूली और असिस्टेड बिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर मलिहाबाद उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर रवि वर्मा को निलंबित कर दिया। अधीक्षण अभियंता ने दोषी जेई को कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड लखनऊ ग्रामीण, अमौसी क्षेत्र, लेसा संबंद्ध किया है। बिजली उपभोक्ताओं को गलत बिल के कारण होनी वाली परेशानी को लेकर पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने असिस्टेंट बिलिंग कराने का आदेश दिया था। इसके तहत एक्सईएन, एसडीओ से लेकर टीजी-2 कर्मचारी मीटर रीडर के साथ घर-घर पहुंचकर रीडिंग करेंगे। इस दौरान यदि किसी के मीटर या बिलिंग में अनियमिताएं मिलती हैं, तो उसे भी मोबाइल एप के माध्यम से लोड करना होगा, जिससे बिलिंग में पारदर्शिता बनी रहे तथा उपभोक्ताओं को सही बिल मिल सके। जिस पर अधीक्षण अभियंता योगेन्द्र कुमार सिंह ने 26 जुलाई को राजस्व वसूली, असिस्टेड बिलिंग के कार्य की प्रगति और एलएमवी-2, 4, 6 के उपभोक्ताओं की बिलिंग की समीक्षा बैठक की। इसमें मलिहाबाद उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर रवि वर्मा ने शत-प्रतिशत बिलिंग कार्य में लापरवाही बरती। विभागीय अधिकारियों द्वारा पूछताछ में भी जेई ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने जेई को निलंबित कर दिया।

मेहंदी घाट पर पक्का पुल निर्माण किया जाए

लखनऊ। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल ने मेहंदी घाट स्थित पीपे वाले पुल की जगह पक्का पुल निर्माण की मांग की है। संगठन प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने शनिवार को सेतु निगम के एमडी धर्मवीर सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद, दौलतगंज, काशी विहार, मोहनीपुरवा, ठाकुरगंज, बालागंज, कैम्पवेल रोड को फैजुल्लागंज से जोड़ने वाला मेहंदी घाट पर पीपे वाला पुल है। रोजाना 50 हजार लोग पुल से गुजरते हैं, लेकिन बारिश के समय दो माह पीपे वाला पुल हट जाने से लोगों को लंबी दूरी तय करके जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से स्थाई पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार आश्वासन भी दिया गया। इसके बावजूद अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

चौक में घंटाघर के पास ड्रोन से एंटीलार्वा का छिड़काव

लखनऊ। शहर में ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू हो गया है। इसी क्रम में शनिवार को घंटाघर के पास स्थित तालाब में ड्रोन से एंटीलार्वा 'मॉस्क्युटो लारविसाइडल ऑयल का छिड़काव किया गया। इसके पहले प्रयोग के तौर पर पिछले चार दिनों से कुछ स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा है। अब शहर के जलाशयों और घनी बस्तियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने के लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी।

शमाओं ने दिलों में जलाई देशभक्ति की लौ

लखनऊ। करगिल विजय दिवस रजत जयंती के क्रम में यूपी एनसीसी ने स्मरणोत्सव मनाया। इसके अंतिम दिन शनिवार को शहीद स्मृतिका मध्य कमान पर एनसीसी कैडेटों ने कैंडिल मार्च निकाला। यह कैंडिल मार्च 10 से 26 जुलाई तक स्मारणोत्सव के समापन के तौर पर निकाला गया। इसका नेतृत्व 67 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने किया। इसमें 5 एएनओ, 10 जेसीओ-एनसीओ और 300 एनसीसी कैडेट शामिल रहे। कर्नल पुनीत ने इस मौके पर कहा कि कैंडल मार्च प्रकाश और आशा का प्रतीक है और वीरों के जीवनकाल की यादों का प्रतिनिधित्व करता है। एनसीसी कैडेटों की ओर से मोमबत्तियां जलाने के कार्य ने हमारे शहीदों के प्रति एकता और एकजुटता की भावना पैदा की। कैंडल मार्च शांतिपूर्ण एवं गरिमामय रहा। इन 10 दिनों में एनसीसी की ओर से करगिल युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत, वृक्षारोपण, साइकिल रैली, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, युद्ध स्मारकों का दौरा, पुष्पांजलि समारोह आदि का आयोजन किया गया।

रोडवेज में मृतक आश्रितों की भर्ती के प्रयास फिर शुरू

लखनऊ। रोडवेज में मृतक आश्रितों की संख्या 1100 से अधिक हो गई। छह वर्ष से मृतक आश्रित कोटे से भर्तियां नहीं हुई हैं। नियुक्ति का मामला शासन में लंबित हैं। परिवहन राज्य मंत्री ने 25 जुलाई की समीक्षा बैठक में मृतक आश्रितों की भर्ती का प्रस्ताव दोबारा शासन को भेजने का निर्देश रोडवेज अफसरों को दिया है। परिवहन निगम में अंतिम बार वर्ष 2018 में 588 मृतक आश्रितों की भर्ती हुई थी। तब से कोरोना काल में सैकड़ों लोगों के जान गंवाने के बाद भी भर्ती का रास्ता नहीं खुल सका। इस मामले में बीते महीने प्रदेश भर के मृतक आश्रितों ने मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। जहां एमडी ने साफ आश्वासन दिया था कि 31 जुलाई तक ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद ही पुन- भर्ती के लिए पत्र शासन भेजा जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि अगले माह मृतक आश्रितों की भर्ती का रास्ता खुल जाएगा। पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि मृतक आश्रितों की भर्ती के लिए शासन स्तर पर कवायद जारी है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, भर्ती प्रक्रिया मुख्यालय स्तर से शुरू हो जाएगी।

डॉक्टरों के लिए गए साक्षात्कार, एक पद पर 11 दावेदार

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्रों, वेलनेस सेंटर पर तैनाती के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों के साक्षात्कार शनिवार को सीएमओ कार्यालय पर लिए गए। शहर में सीएमओ स्तर से 38 पद पर डॉक्टरों की भर्ती होनी है। इन 38 पद के सापेक्ष शनिवार को 424 डॉक्टर साक्षात्कार देने सीएमओ कार्यालय पहुंच गए। एक साथ इतने डॉक्टर आने से सीएमओ कार्यालय पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। साक्षात्कार देने आए डॉक्टरों के परिसर में खड़े होने तक की जगह नहीं बची। अधिक भीड़ हो जाने से चयनित कमेटी को भी साक्षात्कार लेने में थोड़ी असहजता हुई। देर शाम तक सीएमओ कार्यालय पर इन डॉक्टरों के साक्षात्कार चलते रहे। कमेटी के साक्षात्कार के बाद चयनित डॉक्टरों की सूची जिला स्वास्थ्य समिति के सामने पेश की जाएगी। समिति से संस्तुति मिलने के बाद डॉक्टरों को केंद्रों पर तैनाती दी जाएगी।

डॉक्टरों को बताई इलाज की नई तकनीक

लखनऊ। लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल के सभागार में अपोलो सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से एक सीएमई का आयोजन हुआ। लोकबंधु के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि यह पहल गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और क्लीनिकल प्रैक्टिस में अच्छे प्रमाणों को साझा करने के उद्देश्य से की गई। सीएमई में इंटर्वेशनल रेडियोलॉजी के बारे में जागरूक किया गया। सीएमई के मुख्य वक्ता इंटर्वेशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित तौंक, सीवीटीएस के डॉ. विकास सिंह ने एंजियोप्लास्टी व करोनरी आर्टरी बाईपास ग्रॉफ्टिंग के बारे में बताया।

गुटबाजी में युवक की चाकू मारकर हत्या

- 8 दिन पहले थाने में जाकर कहा था- मुझे मार देंगे, इन्हें पकड़ लो, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना मड़ियांव इलाके की है। युवक मड़ियांव के फैजुल्लागंज इलाके का रहने वाला था। आनन-फानन में लोगों ने युवक को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान उसामा के रूप में हुई है। पुलिस जांच कर रही है। ओसामा ने तहरीर देकर 8 दिन पहले ही हत्या की आशंका जताई थी।

युवक फैजुल्लागंज चौकी के पास किसी काम से गया था। इसी समय दो लोग पहुंचे और युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक के शरीर पर चाकुओं के कई निशान हैं। आसपास के लोगों क मानें तो तीनों आपस में दोस्त थे। कुछ दिन पहले किसी विवाद को लेकर तीनों के बीच अदावत हो गई थी। फैजुल्लागंज इलाके में एक लाल गैंग चलता है। जिस गैंग में कई युवक हैं। जो युवाओं को जोड़ने का काम करते हैं और जमीन समेत कई घरेलू विवादों को निपटाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। ओसामा भी इसी गैंग का सदस्य था। आसपास के लोगों ने बताया कि ओसामा पिछले कई दिनों से सक्रिय लाल गैंग की अनदेखी करने लगा था। गैंग से हटकर वो खुद का गिरोह बना रहा था। जिसके बाद से ही वो अपनों की नजर में खटकता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों हमलावर अर्सलान और कासिम लाल भी इसी गैंग के सदस्य थे। दोनों ने कुछ दिन पहले ओसामा को देख लेने की धमकी दी थी। हत्या के बाद से ही मड़ियांव इलाके में दहशत का माहौल है। फैजुल्लागंज के लोग इस घटना से नाराज हैं। परिवार वालों ने बताया कि आरोपी ओसामा को मारने की धमकी दे रहे थे। 8 दिन पहले ही उसने फैजुल्लागंज थाने में तहरीर दिया था।

हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने तहरीर पर कोई संज्ञान नहीं लिया, आखिरकार हमलावरों ने ओसामा की जान ले लिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अगर पुलिस लापरवाही न करती तो ओसामा की जान बच जाती। लखनऊ उत्तरी के पुलिस उपायुक्त अभिजीत आर शंकर ने बताया कि मृतक ओसामा के परिवार वालों की तरफ से थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच किया है। परिवार वालों से पूछताछ की है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

फाइनेंस कर्मियों ने घर में घुसकर तीन घंटे किया हंगामा

- लोन कि किस्तें जमा नहीं होने का आरोप
- पीड़िता का दावा पति बेरोजगार, लोन लिया ही नहीं

संवाददाता

लखनऊ। खुर्रमनगर में शुक्रवार दोपहर फाइनेंस कर्मी धड़धड़ाते हुए एक मकान में दाखिल हो गए। लोन की किस्त अदा नहीं होने का आरोप लगाते हुए महिला और उसके परिवार से गालीगलौज की गई। करीब तीन घंटे तक आरोपी हंगामा कर तत्काल लोन चुकाने का दबाव बनाने लगे।

वहीं, महिला ने लोन की जानकारी होने से मना करते हुए डॉयल 112 पर मदद के लिए फोन मिलाया। जिसके चलते आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। यह आरोप लगाते हुए महिला ने फाइनेंस कर्मियों के खिलाफ इन्दिरानगर कोतवाली में तहरीर दी है।

पति के नाम पर लोन करने का किया दावा

खुर्रमनगर निवासी रजनी सिंह के मुताबिक पति आशुतोष को शराब पीने की लत है। जिसके कारण वह काम भी नहीं करता है। शुक्रवार को निजी फाइनेंस कर्मी घर आ धमके। जिन्होंने बताया कि आशुतोष ने लोन ले रखा है। अब किस्तें अदा नहीं कर रहा। यह बात सुन कर रजनी हैरान रह गई। उनके मुताबिक आशुतोष बेरोजगार है। फिर किस आधार पर फाइनेंस कम्पनी ने लोन जारी कर दिया। कितना लोन दिया। यह भी फाइनेंस कर्मी बताने को तैयार नहीं हुए। रजनी के अनुसार करीब तीन घंटे तक फाइनेंस कर्मियों ने उनके साथ सास और ससुर को भी प्रताड़ित किया।

कई बार कहने पर भी जब फाइनेंस कर्मी घर से नहीं निकले। तो रजनी ने पुलिस को फोन कर मदद मांगी। इस बीच पीड़िता का भाई भी आ गया। लोगों को जुटते देख आरोपी धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में रजनी ने इन्दिरानगर कोतवाली में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।

30 को प्रदर्शन करेगा एनएचएम कर्मचारी संघ

लखनऊ। वेतन विसंगति और कर्मचारियों को नियमित करने समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ 30 जुलाई को धरना-प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने एक विज्ञप्ति में दी। उन्होंने कहा है कि संविदा कर्मचारियों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक से वार्ता के लिए समय की मांग की गई थी पर उनके द्वारा समय नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में गृह जनपद में स्थानांतरण, वेतन विसंगति और नियमित पदों पर समायोजन, एजेंसी के माध्यम से तैनात कर्मचारियों को डीएचएस,एसएचएस में समायोजन, इन्सेंटिव के साथ एमबीबीएस डॉक्टरों की वेतन विसंगति दूर करने का मुद्दा शामिल है। योगेश उपाध्याय ने बताया कि 30 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन में प्रदेश भर के संविदा कर्मचारी शामिल होंगे। यदि इस दिन सरकार ने मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

वकीलों ने थाना घेरा, जमीन पर लेटे, कार हटाने को लेकर विवाद हुआ

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज थाने का वकीलों ने घेराव किया। उन्होंने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई और वकील को बिना किसी शिकायत के रात भर थाने में बैठाने का आरोप लगाया। मामला तूल पकड़ने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले को शांत कराया। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। घटना ठाकुरगंज की है। वकील शैलेश कुमार का आरोप है कि रात में पत्नी कार लेकर घर लौट रही थी। गली में वाहन खड़े होने के कारण गाड़ी निकालने समस्या आ रही थी। गाड़ी हटाने की बात कहने पर सचिन, सनी और दीपक विवाद करने लगे। बाद में उनके अन्य साथी भी आ गए और जानलेवा हमला करा दिया। वकील ने कहा कि आरोपियों ने उनकी पत्नी और मौसी के साथ भी मारपीट की है। थाने पर रात में शिकायत करने

पहुंचे तो पुलिस ने सुनवाई की जगह थाने पर ही बैठा लिया। यही नहीं गाली देते हुए कुर्सी की जगह जमीन में रात भर बैठाए रखा। जानकारी होने पर अधिवक्ता साथी थाने में जुटने लगे। उनके साथ भी अभद्रता की गई। दूसरी तरफ सचिन और दीपक ने भी अधिवक्ता पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

बीकेटी तहसील कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक एसडीएम को बताई क्षेत्र की समस्या

संवाददाता

लखनऊ। बख्शी का तालाब में समाजवादी पार्टी के सपा के पूर्व विधायक और सपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। शनिवार दोपहर पहुंचे सपा पूर्व विधायक को समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

शनिवार लगभग 12 बजे बीकेटी तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र शिवपुरी, बहादुरपुर, सुल्तानपुर, हरदा, लासा, अकरड़िया, दुधरा, जमखनवा गांवों में किसानों की फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि लखनऊ सीतापुर नेशनल हाईवे पर तहसील मोड़ पर आउटर रिंग रोड से आने-जाने वाले वाहनों के उतार चढ़ाव से मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाई जाए। क्षेत्र के इटौंजा रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण कराया जाए। साथ ही रेलवे स्टेशन पुनः चालू किया जाए। सैरपुर क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समुचित संख्या में शिक्षकों की तैनाती की जाए। समाजवादी सरकार के कार्यकाल में दो विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जाए।

अस्ती रोड का चौड़ीकरण किया जाए और भैसामऊ पुलिया से शुक्ला चौराहा तक नहर रोड का चौड़ीकरण किया जाए। बीकेटी क्षेत्र में एसीपी कोर्ट बनाई जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को शहर न जाना पड़े।

गोमतीनगर की एक लाख आबादी को बिजली संकट से निजात

संवाददाता

लखनऊ। गोमतीनगर और चिनहट की एक लाख आबादी को बिजली संकट से निजात मिलेगी। लेसा के विराजखंड और लौलाई उपकेंद्र को सतरिख रोड ट्रांसमिशन सबस्टेशन से बिजली सप्लाई मिलेगी। सिंचाई विभाग की अनुमति के बाद लेसा ने किसान पथ के नजदीक अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम दोबारा शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 15 दिन में केबल बिछा दी जाएगी।

गोमतीनगर के लौलाई और चिनहट के विराजखंड उपकेंद्र के उपभोक्ता कई साल से बिजली संकट झेल रहे हैं। पावर ट्रांसमिशन निगम ने 72.50 करोड़ की लागत से 220 केवी सतरिख रोड ट्रांसमिशन उपकेंद्र बनाया। यह ट्रांसमिशन उपकेंद्र दिसम्बर 2022 को चालू हो गया, लेकिन 33 केवी की लाइन बिछने से बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। ऊर्जामंत्री के निर्देश पर दोनों उपकेंद्रों के लिए अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम शुरू किया गया, करीब ढाई किलोमीटर लंबी केबल बिछ गई, लेकिन किसान पथ के पास सिंचाई विभाग की एनओसी नहीं मिलने से निर्माणकार्य पूरा नहीं हो सका। नतीजतन एक साल से भूमिगत केबल का काम ठप था। इससे विराजखंड, विनीतखंड, हासेमऊ, भरवारा, छोटी देवरिया सहित बड़े इलाके को बिजली संकट झेलना पड़ता है। गर्मियों में कई बार उपकेंद्र पर हंगामा भी हुआ। जिसके बाद शासन के निर्देश पर दोनों विभागों के उच्चाधिकारियों ने संयुक्त सर्वे किया। इसके बाद सिंचाई विभाग ने भूमिगत केबल बिछाने की अनुमति दे दी। लेसा के विराजखंड और लौलाई उपकेंद्र को मलेशेमऊ ट्रांसमिशन सबस्टेशन से बिजली सप्लाई मिलती है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने पर अंडरग्राउंड केबल फाल्ट, व लो-वोल्टेज के कारण बिजली संकट झेलना पड़ता है।

पाँच नामज़द आरोपियों की गिरफ़्तारी, कई वाहन ज़ब्त, इंस्पेक्टर दरोग़ा सहित थाने के कई पुलिसकर्मी निलंबित, फिर भी हंगामा

करण वाणी, न्यूज़

बंथरा/लखनऊ। बीते दिनों लखनऊ के बंथरा में बिजली विवाद के चलते ऋतिक पाण्डेय की हुई मृत्यु मामले में लखनऊ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पांचों नामज़द आरोपियों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है, और वहीं बथरा इंस्पेक्टर हेमंत राघव सहित बीट के दो दारोगा सुभाष यादव व सुशील यादव और सिपाही यत्येंद्र सिंह को निलंबित करते हुए एक दरोग़ा का ट्रांसफर कर दिया।

पुलिस की इतनी कठोर कार्रवाई के बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है सोशल मीडिया पर लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं राजनीतिक लोग इस दुखद घटना पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज़ नहीं आ रहे, वही सोशल मीडिया पर लोगों की मानें तो पूर्व केंद्रीय मंत्री का एक क़रीबी घटना को जातिवाद व

राजनीतिक रंग देकर क्षेत्र का माहौल ख़राब कर रहा है।

सपा से विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा पूर्व मंत्री का करीबी

सोशल मीडिया पर एक यूज़र ने लिखा बहुत जल्द प्रवीण अवस्थी अखिलेश यादव के संरक्षण में समाजवादी पार्टी जॉइन करने वाले हैं, वहीं बहुत सारे सोशल मीडिया यूज़र्ज़ से पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री के करीबी प्रवीण अवस्थी की फ़ोटो आरोपी लवी सिंह के साथ शेयर करते हुए लिखा कल तक आरोपी लवी सिंह के साथ बैठकर चाय पीने वाले और आरोपी लवी सिंह को अपना छोटा भाई बताने वाले प्रवीण अवस्थी आज उसी लवी सिंह को गुंडा अपराधी वह हत्यारा बता रहे हैं।

बाहर से बुलाए गए तथाकथित ब्राह्मण नेताओं ने थाने में किया हंगामा

लखनऊ में ऋतिक पांडेय हत्याकांड को लेकर बंथरा थाना परिसर में बाहर से बुलाए गये तथाकथित ब्राह्मण नेताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के क़रीबी के नेतृत्व में ने थाने में जमकर हंगामा किया। सुबह साढ़े नौ बजे से बाहर से आए तथाकथित ब्राम्हण संगठन के लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। वही क्षेत्र के सम्मानित ब्राम्हण नेताओं ने इस प्रकरण से दूरी बना ली क्षेत्रीय ब्राह्मण नेताओं का कहना है कि इस दुखद घटना को अब राजनीतिक रंग दिया जा रहा है जो सही नहीं है।

तथाकथित ब्राह्मण संगठन के लोगों को कई अधिकारी शांत कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं थे। सभी पुलिस आयुक्त, कमिश्नर और जेसीपी को मौके पर बुलाए जाने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने खुद ज्ञापन लेने की बात कही, लेकिन बात नहीं बनी। आक्रोश बढ़ता देख एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह बंथरा थाना पहुंचे।

ऋतिक मर्डर केस: सपा के जातिगत कार्ड पर सरोजनीनगर विधायक ने आंकड़ों के साथ किया तीखा प्रहार

- सुशासन के बारे में वे न बोलें जिनकी सुशासन की क्लास में फीस माफ़ थी - डॉ. राजेश्वर सिंह
- सपा शासनकाल में देश भर की एक तिहाई घटनाएं यूपी में घटती थी, हर दिन औसतन होते थे 7650 क्राइम वारदात - डॉ. राजेश्वर सिंह

करण वाणी, न्यूज़

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में बहुचर्चित ऋतिक हत्याकांड के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी राजनीति थमने के नाम नहीं ले रही है, रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रतिनधि मंडल ने खुले शब्दों में मामले को जातिगत रंग देने की कोशिस की। मामले को जातिगत रंग में रंगने के प्रयासों से छुब्ध सरोजनीनगर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के काले कारनामों का काला चिट्ठा खोलते हुए तीखा हमला बोला।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा, काठ की हांडी कितनी बार चढ़ेगी - आज वो सुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं जिनकी सुशासन की क्लास में फीस माफ़ थी! आश्चर्य होता है!!

आप भूल गए होंगे पर उत्तर प्रदेश की जनता नहीं भूली - जातिवाद, तुष्टिकरण की राजनीति की प्रश्रयदाता समाजवादी पार्टी की निकृष्ट मानसिकता की राजनीति और राम -

परशुराम में भेद करने की दूषित मानसिकता का सरोजनीनगर में कोई स्थान नहीं है! आप भूल गए हों पर उत्तर प्रदेश की जनता नहीं भूली, जब स्क्के शासनकाल में आप की सरकार की गोलियों ने 40 राम भक्तों का सीना छलनी कर दिया था!! कितनी माँओं की गोद सुनी हुई थी, कितनो का सुहाग उजड़ गया था। उनकी सिसकियाँ आज भी थमी नहीं है।

जब सपा शासनकाल में पुलिस भी सुरक्षित नहीं थी, कर्तव्यनिष्ठ सीओ श्री राजेश साहनी जी को सपा संरक्षित 5 गुंडों ने जीप की बोनट पर लटकाकर कैसरबाग से हजरतगंज तक खींचा! कुंडा में सीओ श्री जियाउल हक जी की नृशंस हत्या की गयी, जवाहर बाग, मथुरा में एसपी सिटी श्री मुकुल द्विवेदी जी की निर्मम हत्या कर यूपी पुलिस को लज्जित किया था! तब क्या बेबसी थी आपकी?

सपा सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की सारी हदें पार कर दी थी, जब आपकी सरकार ने 2013 में संकट मोचन मंदिर वाराणसी में हमले के दोषियों सहित 19 कुख्यात आतंकियों के मुकदमें वापस लेने का प्रयास किया! क्या मजबूरी थी आपकी? वर्ष 2014 में बदायूं में दो नाबालिक बेटियों के साथ गैंगरेप कर उनकी निर्मम हत्या की गयी, पेड़ पर लटका दिया गया, पुलिस ने ऑनर किलिंग के नाम पर परिवार को दोषी बनाया!! किसको बचा रही थी आप की सरकार?

2004 में कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ रहे वर्तमान सपा प्रमुख को भाजपा बूथ अध्यक्ष श्री नीरज मिश्रा जी ने बूथ कैप्चरिंग से रोका तो उनकी गला काटकर निर्मम हत्या हो गयी!! किस हद तक राजनीतिक द्वेष था?

क्या याद नहीं आपको - सपा शासनकाल में देश भर की एक तिहाई घटनाएं यूपी में घटती थी - हर दिन, 13 मर्डर, 24 रेप, 21 अटेम्प्ट टू रेप, 33 किडनैपिंग, 19 दंगे और 136 चोरी, एक दिन में औसतन 7650 क्राइम की घटनाएं घटती थी।

अंत में सरोजनी नगर विधायक ने लिखा कि योगी आदित्यनाथ के सुशासन में अपराध और अपराधियों की कोई जगह नहीं है। विधायक ने सवाल उठाया कि आज जो सपा के हारे हुए प्रत्याशी दूसरे सिपहसलारों के साथ ढ़ाई साल बाद राजनीति की रोटियाँ सेंकने आये हैं, पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के स्थान पर जातिवाद की राजनीति को हवा देने आए हैं!! वो अब तक कहाँ थे? डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे लिखा कि बंथरा में घटी दुखद घटना से पूरा सरोजनीनगर परिवार आहत है! हम एक साथ खड़े हैं!! लापरवाही के दोषी 4 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया, घटना के सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है! श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी के शासन में कोई अपराधी न बचा है और न ही बचेगा।

संक्षिप्त खबरें

छात्रा की आपत्तिजनक फोटो शिक्षका को भेजी

लखनऊ। छात्रा की आपत्तिजनक वीडियो और फोटो स्कूल में तैनात शिक्षिका को भेजी गई। व्हाट्सएप पर आए मैसेज को देख शिक्षिका भी हैरान रह गई। उन्होंने छात्रा के पिता को फोन कर स्कूल बुलाया। इसके बाद परिवार को बेटी की फोटो वायरल होने का पता चला। छात्रा के पिता ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। तेलीबाग निवासी पिता के मुताबिक बेटी के पास अनजान नम्बर से कई दिनों से कॉल आ रही है। जिसे उसने ब्लॉक कर दिया। उन्होंने बताया कि बेटी रिक्शे से स्कूल जाती है। स्कूल में पढ़ने वाली सहपाठी ने धोखे से छात्रा का मोबाइल लिया। जिसमें ब्लॉक किए गए नम्बर को चोरी छिपे अनब्लॉक करते हुए छात्रा की कुछ आपत्तिजनक फोटो भेज दी। इन्हीं फोटो और वीडियो को स्कूल टीचर के व्हाट्सएप नम्बर पर भेजा गया था। पिता के मुताबिक स्कूल से कॉल आने पर वह मीटिंग के लिए पहुंचे। जहां शिक्षिका ने घटना के बारे में जानकारी दी। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अनफिट स्कूली वाहन 15 के बाद हो जाएंगे कबाड़

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि जिन स्कूली वाहनों की 15 अगस्त के बाद भी रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस की वैधता नहीं पाई जाती है, उन्हें कबाड़ घोषित करते हुए स्क्रैपिंग कराई जाए। परिवहन पोर्टल पर फिलहाल 12520 स्कूली बसों की इन प्रमाणपत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी है। मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर स्कूली वाहनों की चेकिंग कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने 22 जुलाई तक पोर्टल पर उपलब्ध सूचना भी सभी जिलों को भेजी है। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 57310 स्कूली वाहन पंजीकृत दिखाए गए हैं, जिसमें से 44790 के प्रपत्र वैध हैं, जबकि 12520 के प्रपत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि स्कूली वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करते हुए 15 अगस्त से पहले नियमानुसार वैध प्रपत्र हासिल करने को कहा जाए। ऐसा न होने पर अनधिकृत एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार स्क्रैपिंग की कार्रवाई की जाए, ताकि पोर्टल पर बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों की संख्या शून्य हो सके।

चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

लखनऊ। हरिहरनगर में छात्र ने ठेकेदार चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। कमरे में कूलर चलने के कारण फायरिंग की आवाज परिवार को सुनाई नहीं पड़ी। सुबह नींद खुलने पर खून से लथपथ शव कमरे में मिला। पास में ही रिवॉल्वर भी पड़ी मिली। छात्र को हॉस्पिटल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह करीब एक माह से चाचा के घर रहकर डिप्रेशन का इलाज करा रहा था।

प्लॉट दिलाने का झांसा देकर पशु चिकित्सक से 23 लाख हड़पे

लखनऊ।गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में पशु चिकित्सक ने 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियें ने जमीन दिलाने के नाम पर रुपये लिए थे। वरदानखंड निवासी डॉ. ओमप्रकाश सिंह के मुताबिक लखीमपुर खीरी निवासी जितेंद्र मिश्रा वेटलाइफ कम्पनी में एमआर है। जो काम के सिलसिले में डॉक्टर के पास आता था। बातचीत के दौरान जितेंद्र ने बताया कि उसके जीजा संतोष गोमतीनगर विनीतखंड में जमीन बेच रहे हैं। आप चाहो तो अच्छे दाम में प्लॉट मिल जाएगा। जितेंद्र के कहने पर ओम प्रकाश ने हामी भर दी। इसके बाद उन्हें एक प्लॉट दिखाया गया। लोकेशन पसंद आने पर डॉक्टर ने 23 लाख रुपये दिए। लेकिन उन्हें प्लॉट नहीं मिला। शक होने पर ओमप्रकाश ने छानबीन करना शुरू किया। जिस पर फर्जी जमीन दिखा कर रुपये हड़पने की बात पता चली। पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

पेटीएम कर्मचारी को वाहन ने कूचला

सड़क पार कर रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बीबीडी इलाके के इंदिरा डैम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 31 साल के युवक की मौत हो गई। युवक काम से लौट रहा था तभी तेज रफ्तार गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर तड़प रहे युवक को स्कार्पियो सवार ने लोहिया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पीजीआई इलाके की है। जहां सड़क पार कर रहे युवक को बाइस सवार न रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक हरदोई के रहने वाले सूरज (31) पुत्र रामचंद्र लखनऊ के नूरपुर गोसाईगंज में परिवार के साथ रहते थे। लखनऊ में पेटीएम कंपनी में फील्ड वर्क करते थे। मंगलवार को ऑफिस से घर जा रहे थे। तभी करीब शाम 7 बजे किसान पथ के इंदिरा डैम के पास अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे स्कार्पियो सवार ने उन्हें गाड़ी में बैठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया।

जहां से डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाई किशन ने बताया परिवार में पत्नी अनीता व दो बेटे प्रियांशु और सूर्यांश हैं। घटना के बाद से परिजनों का जो रो कर बुरा हाल है।

वहीं लखनऊ के पीजीआई इलाके में तेज रफ्तर बाइक ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक प्राइवेट काम करता था। घर से काम के लिए निकला था। तभी घटना का शिकार हो गया। पुलिस में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक डिफेंस कॉलोनी गोपालनगर तेलीबाग के रहने वाले सोनू पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर बुधवार सुबह 10.30 बजे घर से काम के लिए निकले थे। बाबा बिरयानी के सामने सड़क क्रॉस कर रहे थे।

तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरे। मौके पर बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचा दिया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

देवरिया मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत की होगी जांच

लखनऊ। देवरिया स्थित महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में इलाज के दौरान युवक की मौत के मामले की जांच होगी। बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही कानपुर देहात के झींझक में बिना चिकित्सकीय डिग्री के नर्सिंग होम संचालन के प्रकरण की भी जांच होगी। देवरिया के बरियारपुर स्थित बैकुंठपुर निवासी आदर्श जायसवाल (18) की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन युवक को लेकर महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में पहुंचे। परिजनों ने पंजीकरण कराने में 45 मिनट लगाने का आरोप लगाया था। परिवारीजनों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने से युवक की मौत हो गई थी। घटना का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया। डिप्टी सीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। यदि मामले में कोई भी स्वास्थ्यकर्मी दोषी पाया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

चीफ इंजीनियर ने इंदिरा नगर डिवीजन के इंजीनियरों को लगाई फटकार

एबीसी लाइन खराब, बदलने का दिया आदेश

संवाददाता

लखनऊ। लेसा गोमती नगर के चीफ इंजीनियर सुनील गर्ग ने बुधवार को इंदिरा नगर उपकेंद्र का दौरा किया। इस दौरान यहां शिवाजीपुरम इलाके में लगातार हो रहे फॉल्ट के लेकर उपकेंद्र के इंजीनियरों ने बात की। स्थानीय लोगों की तरफसे शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आए दिन यहां फॉल्ट होते रहता है। इसकी वजह से खासी दिक्कतों सामना करना पड़ता है। खासकर उमस भरे माहौल में बिजली कटने से आधा घंटा भी घर में रहना मुश्किल हो गया है। इंदिरा नगर समेत कई इलाकों में पिछले कुछ दिन से कटौती बढ़ गई है। इसकी वजह से यहां आए दिन शटडाउन लेना पड़ता है। ऐसे में बिजली कटौती और फॉल्ट से परेशान लोगों को राहत दिलाने के लिए इंदिरा नगर का दौरा किया गया। इस दौरान इलाके में एबीसी लाइन बदलने का निर्देश दिया गया। यहां रहने वाले उमेश शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिन से लगातार बिजली कट रही है। इसकी वजह से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इंजीनियरों ने बताया कि जल्द ही यहां की एबीसी लाइन बदली जाएगी। जिससे कि आगे कभी फॉल्ट न हो। इससे पहले सोमवार देर रात बालाघाट उपकेंद्र पर धावा बोल दिया था। गुस्साई भीड़ कंट्रोल रूम के भीतर घुस गई। सभी फीडर की बिजली सप्लाई बंद करने लगे। इस पर बिजली कर्मचारियों ने विरोध किया तो नाराज लोगों ने दौड़कर मारना शुरू कर दिया था। कर्मचारी उपकेंद्र छोड़ भाग खड़े हुए। इसके बाद 500 से लोग बालागंज चौराहे पर पहुंचे और जाम कर दिया। हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस से भी लोगों की तीखी नोकझोंक हो गई। बवाल बढ़ता देख पुलिस ने लाठी भांज कर भीड़ को तीतर-बितर किया और भगाया। उसके बाद बासमंडी और जानकीपुरम इलाके के उपकेंद्र में भी नाराज लोगों ने हंगामा किया था।

सीआईएसएफ अधिकारी की बेटी से एक लाख ठगे

लखनऊ। सरोजनीनगर कोतवाली में सीआईएसएफ अधिकारी ने बेटी के साथ एक लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने पार्सल भेजने का झांसा दिया था। शांतिनगर निवासी राजेश कुमार मिश्रा सीआईएसएफ में राज पत्रित अधिकारी हैं। जो वर्तमान में नई दिल्ली गृह मंत्रालय दिल्ली में तैनात हैं। राजेश की बेटी भाग्य लक्ष्मी आईआईएम जम्मू से एमबीए कर रही है। कुछ दिन पूर्व भाग्य लक्ष्मी के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। कॉलर ने फैडेक्स कूरियर कंपनी का कर्मचारी होने का दावा किया। उसने बताया कि भाग्य लक्ष्मी के नाम से कोरियर आया है। जिसे रिलीज कराने के लिए एक लाख रुपये देने होंगे। ठग की मंशा से अन्जान छात्रा ने बताए गए अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग की गई। शक होने पर छात्रा ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

लाल पुल से युवक गोमती में कूदा, मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मदेयगंज इलाके में 45 साल के अज्ञात युवक ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरे ने उसको बचाने का प्रयास किया लेकिन वो गहरे पानी में चला गया। जब उसको बाहर निकाला गया तब उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दोपहर अज्ञात युवक ने लाल पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कश्यप नगर के रहने वाले मछुआरे अंकुर कश्यप मरी माता मंदिर के पास बैठे थे। तभी उन्होंने युवक को पानी में डूबते देखा। तुरंत नाव से वो बचाने के नदी के बीचों बीच पहुंच गए। उनका हाथ पकड़ लिया लेकिन उसने झटका देकर फिर छुड़वा लिया। तभी वो गहरे पानी में चला गया। इसके 5 मिनट बाद अंकुर ने उसको फिर पकड़ा और पानी के बाहर निकालकर लाया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मौके से पुलिस को सूचना दी गई।

इंस्पेक्टर मदेयगंज ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के तलाशी लेने पर कोई पहचान पत्र नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

अज्ञात युवक की पहचान की जा रही है। चश्मदीद मुकेश कुमार ने बताया कि वो पुल के ऊपर ही बैठे थे। तभी वो युवक पुल के ऊपर की तरफ टहल रहा था। कुछ देर में वो नीचे छलांग लगा दिया। मुकेश ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन तब तक वो नीचे कूद गया। इसके बाद ऊपर से ही आवाज देकर नीचे मौजूद लोगों को सूचना दी।

बैंड कॉन्सर्ट का आयोजन

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ

संवाददाता

लखनऊ। कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए, भारतीय सेना की सूर्या कमान ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 24 जुलाई 2024 को जनेश्वर मिश्र पार्क में एक भव्य बैंड संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया जो जाबांज बहादुर सैनिकों के बलिदान के प्रति गहरे राष्ट्रीय गौरव और सम्मान को दर्शाती है। बैंड कॉन्सर्ट में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के मिलिट्री और पाइप बैंड ने आकर्षक धुनों का प्रदर्शन किया। बैंड की देशभक्ति के गीतों और पारंपरिक सैन्य धुनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनमें राष्ट्रवाद और श्रद्धा की गहरी भावना जागृत हुई। पार्क में गूंजता संगीत, कारगिल युद्ध के वीरों द्वारा प्रदर्शित वीरता और प्रतिबद्धता की एक शक्तिशाली याद दिलाता है।

यह कार्यक्रम महज़ एक संगीत प्रदर्शन से कहीं अधिक था; यह भारत की सशस्त्र सेनाओं की वीरता और दृढ़ता का उत्सव था। कारगिल विजय दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए, उपस्थित लोगों को भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षणों से भरी एक शाम का आनंद लिया । संगीत कार्यक्रम ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों हमारे शहीदों का सम्मान करते हुए कृतज्ञता और स्मरण में सभी को एक साथ एकत्रित होने का अवसर प्रदान किया।

आयोजन की सफलता कारगिल वीरों की विरासत और देश को एकजुट करने वाली देशभक्ति की अटूट भावना का प्रमाण थी।

सीतापुर में दो लाख की बाइक खरीदी, लखनऊ में करने लगे लूट

संवाददाता

लखनऊ। तेलीबाग सब्जी मण्डी में शिक्षिका के साहस से पस्त होकर भागे चेन लुटेरों को कृष्णानगर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों ने सीतापुर के एक शोरूम से दो लाख रुपये की बाइक खरीदी थी। जिसका इस्तेमाल चेन लूटने के लिए करने लगे। तेलीबाग में वारदात को अंजाम देते वक्त शिक्षिका के विरोध के कारण बदमाशों का बाइक छोड़ कर भाग गए थे। तेलीबाग में वारदात से पूर्व बदमाशों ने कृष्णानगर में एक युवती से मोबाइल लूट को भी अंजाम दिया था।

एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह सिधौली प्रेमनगर निवासी मो. अलकमर और गांधीनगर निवासी रेहान उर्फ अयान को गिरफ्तार किया गया। लुटेरों के पास से 19 जुलाई को पीजीआई तेलीबाग में शिक्षिका अंजनी बाजपेई से लूटी गई चेन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कृष्णानगर ईको गार्डन के पास मार्च माह में युवती से मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एडीसीपी ने बताया कि पीजीआई में जो बाइक बदमाश छोड़ कर भागे थे। वह सीतापुर के एक शोरूम से 26 जून को खरीदी गई थी। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये है। अलकमर ने पुलिस को बताया कि दोस्त रेहान के साथ मिल कर उसने बाइक खरीदी थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर अभी नहीं आया है। वहीं, शोरूम से बाइक खरीदने के वक्त मिला अस्थाई नम्बर उन्होंने मिटा दिया था। एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी ने बताया कि अलकमर मोबाइल मैकेनिक है। वहीं, रेहान आरा मशीन में काम करता है।

पीजीआई पुलिस तलाशती रही, कृष्णानगर ने दबोचा: मार्च महीने में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग बदमाशों की फुटेज पुलिस को मिली थी। करीब 200 से अधिक कैमरे खंगालने के साथ ही लूटे गए मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लिया गया था। जिसके जरिए लुटेरों को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, शिक्षिका से लूट को अंजाम देकर भागे बदमाशों की बाइक मिलने के बाद भी पीजीआई पुलिस केवल तलाश ही करती रह गई।

लुटेरों के गुरु को तलाश रही पुलिस: पूछताछ में अलकमर और रेहान ने पुलिस को बताया कि लूट की वारदात करने के तरीके उन्हें एक व्यक्ति ने सिखाए थे। सीतापुर के रहने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस उसे तलाश रही है। वहीं, लूट का सामान खरीदने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है।

गोमती में मिला लापता डिलवरी ब्वाय का शव

लखनऊ। बैकुण्ठ धाम के पास लापता डिलवरी ब्वाय का शव गोमती नदी में उतराता मिला। हजरतगंज पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिवार को सूचना दी। वहीं, डिलवरी ब्वाय के जीजा ने हत्या कर शव फेंके जाने का अंदेशा जताया है। ठाकुरगंज लालाबाग निवासी राज प्रजापति (24) फूड कम्पनियों के लिए डिलवरी करता था। सोमवार सुबह राज बिना बताए घर से निकल गया। उसका फोन भी बंद था। पिता मुन्नालाल के मुताबिक कई बार कॉल करने के बाद भी फोन नहीं उठा। जिसके बाद परिवार वाले राज को तलाशने लगे। मंगलवार को जीजा संजीव को दुबग्गा घैला पुल के पास साले की बाइक खड़ी मिली। फोन अभी भी बंद था। ऐसे में परिवार वाले खोजबीन कर रहे थे। संजीव के मुताबिक हजरतगंज कोतवाली से उन्हें फोन कर बैकुण्ठ धाम के पास राज का शव मिलने की सूचना दी गई।

नवंबर 2024 से शुरू होगा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

संवाददाता

लखनऊ। भारत से विलुप्त होती लोककला को नवजीवन प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर प्रदान करते हुए भारतीय कलाकृतियों को आगे बढ़ाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन मान्यवर काशीराम सांस्कृतिक स्थल,स्मृति उपवन,आशियाना, बंगला बाजार,लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में महोत्सव के मुख्य आयोजक संस्था के अध्यक्ष व भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर के संयोजक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से सामाजिक सेवा के साथ-साथ महोत्सव का भी आयोजन कर रही है सामाजिक सेवाओं में संस्था समर्पित भावना से कार्य करते हुए हस्तशिल्प को बढ़ावा एवं महिलासशक्तिकरण, महिला स्वावलंबन पर कार्य कर रही है। अरूण प्रताप सिंह ने बताया कि जिस तरह से केंद्र एवं प्रदेश सरकार हस्तशिल्प को एवं हाथ के कारीगरों को पूर्णतया सहयोग कर प्रमोट कर रही है उसी में संस्था द्वारा भी सूक्ष्म सहयोग किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की तैयारी तीस प्रतिशत पूरी हो गई हैं भारत देश के लगभग सभी राज्यों से हस्तशिल्प सहित कपड़े, फर्नीचर,हांथ से बने संगमरमर के सामान,ड्रायफ्रूट्स,कालीन वा दैनिक घरेलू उपयोग की समस्त वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। संस्था की अध्यक्ष एवं महोत्सव की मुख्य आयोजिका, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर की सह संयोजिका गुंजन वर्मा ने पूर्ण रूप से महोत्सव के सांस्कृतिक मंच की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रदेश स्तरीय मंच होता है जो सभी केलिए निःशुल्क प्रदान किया जाता है,मंच से विलुप्त होती भारतीय लोक कला को पुनः जीवित करने हेतु पूर्ण प्रयास किया जाता है जिसमें पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण सहयोग हेतु संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से निवेदन किया जाएगा एवम बच्चों, बड़ों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के मुख्य आयोजक व संस्था के उपाध्यक्ष विनय दुबे एवं रनवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ सहित आसपास के अन्य जिलों से भी दर्शक महोत्सव में मनोरंजन एवम खाने पीने, शॉपिंग करने के लिए आते हैं जिसमें मनोरंजन की दृष्टि से तमाम प्रकार के बड़े-बड़े झूले, प्रवेश द्वार लंदन ब्रिज के रूप में होगा एवं महोत्सव के अंदर सूक्ष्म रूप से दुबई सिटी भी विकसित की जाएगी। भारत के अन्य प्रदेश से समस्त प्रकार के व्यंजन, गेम जोन,सेल्फी प्वाइंट आदि मनोरंजन के साधन रहेंगे, मेले के अंदर का समस्त परिसर वा प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा गाईड की निगरानी रहेगी। आयोजन समिति में संस्था के सचिव व समाजसेवी हेमू चौरसिया,मोनालिसा,रोली जायसवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि छोटे-छोटे निम्न वर्ग के हस्तशिल्पकारों को पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुछ दुकान निःशुल्क दी जाएगी।

नौबस्ता में डायरिया के 27 मरीज मिले

डॉक्टर्स की टीम 3 दिन से कर रही होम सर्विलांस

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के नौबस्ता में डायरिया का कहर जारी हैं। बुधवार को लगातार तीसरे दिन मेडिकल कैंप लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग दवाई लेने पहुंचे। डॉक्टरों की मानें तो डायरिया के 27 मरीज यहां मिले हैं। वहीं,मेडिकल टीम ने डोर-टू-डोर सर्विलांस कर लक्षण वाले मरीजों को व्ै पैकेट समेत पानी की सफाई के लिए क्लोरीन टेबलेट दी गई हैं। लगातार तीसरे दिन सुबह 8 बजे से मेडिकल टीम यहां पहुंची। कैंप लगाकर मरीजों का उपचार करने के साथ ही घर पर ही जांच की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही हैं। बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाओं ने कैंप में आकर दवाई ली। ज्यादातर मरीजों में उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत रही। इससे पहले मंगलवार को 40 मरीजों में डायरिया के लक्षण मिलने की बात कही गई थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की माने तो महज 2 से 3 मरीजों में ही डायरिया के लक्षण दिखे हैं।

सोमवार को भी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की खबर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान जांच में 5 लोगों में डायरिया की पुष्टि भी हुई थी। जबकि, 2 दर्जन लोगों में डायरिया के लक्षण पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस लगा दी है साथ ही मेडिकल कैंप और पानी के टैंकर भी लगाए गए हैं। बीमार होने वालों में बच्चों की संख्या अधिक हैं। बीमार मरीजों को ओआरएस के पैकेट और मेट्रोजील की गोलियां दी गई।

महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ज़ोन 02 की समीक्षा बैठक दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा नगर निगम के समस्त जोनों की समीक्षा बैठक किये जाने के क्रम में आज ज़ोन 02 की समीक्षा बैठक लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय की समीक्षा बैठक जोन के सम्मानित पार्षद गण एवं अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

महापौर द्वारा ज़ोन अंतर्गत वार्ड वार तक वसूली के सम्बंध में वाणिज्यिक एवं घरेलू समपत्तियों का विवरण भिन्न भिन्न रूप से तैयार कर एक रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त ज़ोन अंतर्गत बनी ऐसी सड़कें जहां शिलापट्ट/नाम पट्टिका अभी तक नहीं लगाई गयी है, इस मामले को लेकर महापौर द्वारा आपत्ति जाहिर करते हुए अपर नगर आयुक्त को संबंधित जेई के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जिस-जिस क्षेत्र में छोटे व बड़े नाले नालियों की सफाई अभी तक नही हुई है, वहां के संबंधित ठेकेदारों के भुगतान रोक दिए जाने हेतु भी सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही ज़ोन अंतर्गत नगर निगम की जितनी भी भूमियां हैं।उनमें जो अवैध कब्जे या अतिक्रमण युक्त हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से खाली करवाये जाने के निर्देश दिए गए और ऐसी भूमियां जो नगर निगम के कब्जे में हैं और खाली पड़ी हैं उनके सुन्दरीकरण का कार्य वहां पर वेंडिंग ज़ोन इत्यादि बनवा कर करवाये जाने के निर्देश जारी किए गए। उक्त समीक्षा बैठक में सभी सम्मानित क्षेत्रीय पार्षद गण, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

अवैध खनन की शिकायत नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने ही रोके डम्पर

आधी रात में डेढ़ घंटे तक चला खूब हंगामा

संवाददाता

गोसाईंगंज। मोहनलालगंज तहसील के गोसाईंगंज में अवैध खनन से नाराज ग्रामीणों ने मिट्टी भरकर ले जा रहे डम्परों को घेर लिया। कई दिनों से ग्रामीण इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से कर रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

मंगलवार-बुधवार की आधी रात में बेली कला गांव में रहने वालों ने डम्पर रोक लिए। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन के बाद क्षमता से ज्यादा मिट्टी लेकर डम्पर सड़कों पर अंधाधुंध चल रहे हैं। इनकी वजह से एक ओर दुर्घटनाएं हो रही हैं तो दूसरी तरफ सड़कें जर्जर हो गई हैं। ग्रामीणों ने डम्परों को रोक कर करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा किया। बेली कला गांव के लोगों के मुताबिक़ अवैध खनन में चल रहे दर्जनों डम्पर रात में गांव के भीतर से गुजरते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में ही खनन का कारोबार होता है। रात भर गांव से मिट्टी लदे डम्पर गुजरते रहते हैं जिससे मुख्य मार्ग में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बीते कुछ दिनों में साइकिल से जा रहे कई बच्चे गड्ढों की वजह से गिरकर घायल हुए। ग्रामीणों ने बताया की गांव की जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने बताया डम्पर गांव के भीतर से न जाने की शर्त पर वाहनों को छोड़ दिया गया।

सम्पादकीय

आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण

समग्र हिमालय की तरह हिमाचल प्रदेश भी जलवायु परिवर्तन के इस दौर में लगातार आपदाओं की चपेट में आता जा रहा है। गत वर्ष की तबाही को अभी तक प्रदेश भूल नहीं पाया है। आपदा प्रभावितों के जख्मों पर अभी तक भी पूरी तरह से मरहम नहीं लगाया जा सका है। प्रदेश की कमजोर आर्थिकी और केंद्रीय सहायता के इंतजार में बहुत काम लटका पड़ा है। खासकर जिनके मकानों के नीचे की जमीन भी क्षतिग्रस्त हो गई है, उन्हें वन संरक्षण अधिनियम के चलते वैकल्पिक जमीन देना भी असंभव बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश का 67 प्रतिशत भूभाग वन भूमि है, जिसका भूमि उपयोग बदलना टेढ़ी खीर बना हुआ है। गत वर्ष दो हजार घर पूरी तरह से तबाह हो गए थे और नौ हजार आंशिक रूप से तबाह हुए। 400 से अधिक मूल्यवान जीवनकाल का ग्रास बन गए थे। बाढ़ और भू-स्खलन का यह दौर चाहे जलवायु परिवर्तन के चलते भयंकर स्थिति में पहुंच गया हो या अवैज्ञानिक निर्माण कार्यों के कारण, दोनों ही मामलों में ये आपदाएं मानव निर्मित ज्यादा हैं और प्राकृतिक कम। हालांकि, हम इन्हें प्राकृतिक आपदाएं कह कर अपनी गलतियों को छुपाने की कोशिश करते रहते हैं। बाढ़ और भू-स्खलन प्राकृतिक तौर पर भी आते रहते हैं, किंतु मानव निर्मित कारणों से ये घटनाएं भयानक बन जाती हैं। जलवायु परिवर्तन भी तो मानव निर्मित आपदा ही है। पिछले डेढ़-दो सौ वर्षों की औद्योगिक क्रांति के बाद के वर्षों में वायुमंडल में हरित प्रभाव पैदा करने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसों के उत्सर्जन के कारण ही तो वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है, जो जलवायु परिवर्तन द्वारा अतिवृष्टि, अनावृष्टि और ग्लेशियरों के पिघलने का कारण बन रही है। ग्लेशियर पिघलने के कारण हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर के भाग टूट कर और कुछ मलबा मिश्रण घाटियों में फंस कर कृत्रिम झीलों का निर्माण करता है। ये झीलें अचानक टूट जाती हैं और नीचे भयानक बाढ़ की विभीषिका का मंजर पेश होता है। 90 के दशक में पारछू नदी के उद्गम के नीचे बनी झील के टूटने से सतलुज नदी में आई भयानक बाढ़ ने बड़ी तबाही मचाई थी। पिछले साल हुई तबाही में कई जगह बादल फटने की घटनाएं भी कारण बनीं। जब 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे अधिक बारिश हो जाए, तो उसे बादल फटना कहा जाता है। ये बादल फटने की घटनाएं भी वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण ही बढ़ी हैं। अब जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई बन चुका है। इसलिए हमें हिमालय में निर्माण कार्य इस खतरे को ध्यान में रख कर ही उचित सावधानी से करने चाहिए, क्योंकि हिमालय पर दोहरा खतरा है। एक तो जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाली बाढ़ों का खतरा बढ़ जाता है। दूसरे, हिमालय एक कम उम्र का पहाड़ है, जो अभी तक भी बन रहा है। इस कारण कमजोर और भुरभुरा है। भारी बारिश की मार न सह सकने के कारण भू-स्खलन का शिकार हो जाता है। ऐसे नाजुक भू-स्थल को जब अंधाधुंध तोड़फोड़ का शिकार बनाया जाता है, तो भू-स्खलन की तबाही आ जाती है। जब ये भू-स्खलन का मलबा नदी नालों में पंहुचता है, तो उनका तल ऊपर उठ जाता है, जिससे पानी और बाढ़ का बहाव अप्रत्याशित रूप से ऊपर तक तबाही मचा देता है। इस दृष्टि से जल विद्युत् के लिए बांध, सुरंगें, चौड़ी सडकें बनाने के लिए निकला मलबा ढलानों पर फेंके जाने से तबाही को बढ़ाने का कार्य करता है। इन निर्माण कार्यों के लिए भारी मात्रा में वृक्ष कटान भी होता है, जो कमजोर भू-स्थल को और कमजोर कर देता है। खनन कार्य भी इसी तरह तबाही का कारण बनता है। ये सभी कार्य एक ओर तो प्रकृति विध्वंस का कारण बनते हैं और दूसरी ओर सरकारी और इन निर्माण और खनन से जुड़े लोगों के लिए आय का साधन होते हैं। विकास के लिए इनका होना जरूरी माना जाता है। इस तरह जो स्थानीय जनता इस तबाही से त्रस्त होती है, वह इनका विरोध करती है और जो इससे लाभान्वित होते हैं, वे इसके पक्ष में खड़े होते हैं, जिससे समाज में आपसी टकराव भी हो जाते हैं। जैसे टिहरी बांध निर्माण के समय बांध विरोधी और बांध समर्थक दो हिस्सों में उस प्रभावित क्षेत्र की जनता बंट गई थी, जो विस्थापित हो जाते हैं, उनकी त्रसदी तो अनंत होती है और कुछ पीढ़ियों तक विस्थापन का दंश उनको झेलना पड़ता है। इस द्वंद्व में हिमालय क्षेत्र फंसा हुआ है। एक तरफ गड्ढा और एक तरफ खाई वाली स्थिति है, जिससे निकलना देश और हिमालय के स्थानीय हित के लिए जरूरी है। हिमालय देश के लिए पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ मिटटी दे कर जिंदा रहने के लिए सबसे जरूरी हवा, पानी और भोजन की सुरक्षा की व्यवस्था करता है। हिमालय की इन पर्यावरणीय सेवाओं को बनाए रखकर ही देश और हिमालय क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। इसलिए हिमालय के पर्यावरणीय तंत्र को सुरक्षित रखना और विकास के कार्यों में आपसी विरोधाभास समाप्त करना ही मुक्ति का मार्ग है। हमारी निर्माण गतिविधियों को वैकल्पिक तकनीकों द्वारा पर्वत विशिष्ट मॉडल के रूप में विकसित करना होगा। सड़क निर्माण से लेकर जल विद्युत तक। उदाहरण के लिए सड़क निर्माण कट एंड फिल तकनीक से करके डंपिंग से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

1800 से अधिक अवैध निर्माण हुए जमींदोज

"सरकार को इस बात पर भी गहराई से सोचना चाहिए की कोई भी नीति और नियम जनहित के लिए होता है। एक व्यक्ति अपनी सारी उम्र व्यतीत कर देता है एक अदद मकान बनवाने को पर उनमे से अधिकांश के पास एक भी मकान नहीं हो पाता है। फिर कार्यवाही करने के पहले सभी पहलुओं पर सरकार विचार क्यों नहीं करती ? उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की बात की जाए तो प्रत्येक चौथा मकान या व्यावसायिक बिल्डिंग नियमों की आधीअधूरी पूर्ति करके कार्य कर रहा है यानि की अवैध रूप से मौजूद है। क्या सरकार के जिम्मेदार विभाग इसका संज्ञान ले पा रहें है। आज भी 500 से अधिक संस्थान बिना फायर एनओसी के कार्य कर रहें है।

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

कुकरैल नदी के पुनर्जीवन देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध रूप से बसे हुए अकबरनगर को इतिहास के पन्नों में दफ़न कर दिया। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक अकबरनगर के निवासियों ने लड़ाई लड़ी पर उन्हें कही से भी राहत नहीं मिली। एलडीए ने पूरी तन्यमता से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंतिम अंजाम तक पहुँचाया। सरकार का उद्देश्य कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट निर्मित करके क्षेत्र को ईको टूरिज्म का हब बनाना है। सरकार ने दावा किया था की कुकरैल नदी की जमीन भूमाफिया, घुसपैठियों और रोहिंग्या से पूरी तरह मुक्त कराई गई है। सरकार के अनुसार अकबरनगरमें अवैध रूप से बने 1169 आवास और 101 कॉमर्शियल निर्माण को ध्वस्त किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत करीब 24.5 एकड़ जमीन पर बने 1800 से अधिक अवैध निर्माण को सरकार ने ध्वस्त कराया है। दिसम्बर 2023 से चले इस अभियान को 18 जून 2024 की अवधि में पूर्ण किया गया। कुकरैल नदी के 50 मीटर के दायरें में आने वाले मकान को अवैध बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यवाही को अंजाम दिया। वर्तमान में इस क्षेत्र से मलवा हटाकर नए पेड़ों को लगाया गया है जिससे पर्यावरण को सहूलियत मिल सकें। सरकार द्वारा की गयी इस कार्यवाही ने एक दो नहीं बल्कि ऐसे अनेकों प्रश्नों को भी जन्मदिया है जिसका उत्तर शायद ही कोई जिम्मेदार देगा।

अकबरनगर का इतिहास 6 दशक से अधिक समय का बताया जा रहा है जहाँ पर लोग मूलभूत सुविधाओं के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। बिजली, पानी, सड़क, सीवर समेत सभी सरकारी सुविधा इन निवासियों को सरकार की इकाइयां प्रदान कर रही थी तथा जिम्मेदार विभाग इनसे कर भी वसूल रहा था। विधायक सांसदों ने कई योजनाओं को इन क्षेत्रों में अंजाम देकर वाहवाही भी बटोरी थी। ऐसे में सभी के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है की यदि कठोर कार्यवाही निवासियों के घरों पर की गयी तो सरकार के उन लोगों और विभागों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गयी जिन्होंने इस क्षेत्र को बसने दिया। जबकि उनकी जिम्मेदारी वैध और अवैध को देखने की थी ? क्या सरकार के उन विभाग और कर्मचारियों की कोई जिम्मेदारी नहीं जिन्होंने जानते हुए भी सरकारी नियमों के विपरीत इन जमीनों पर मकान बनने दिया ? उत्तर प्रदेश सरकार आखिर किस बात का इन्तेजार कर रही है उन सभी विभाग और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने को जिसने अकबरनगर, पन्तनगर, रहीमनगर, इन्द्रप्रस्थनगर और अबरारनगर को बसने में मदद की ?

सरकार को इस बात पर भी गहराई से सोचना चाहिए की कोई भी नीति और नियम जनहित के लिए होता है। एक व्यक्ति अपनी सारी उम्र व्यतीत कर देता है एक अदद मकान बनवाने को पर उनमे से अधिकांश के पास एक भी मकान नहीं हो पाता है। फिर कार्यवाही करने के पहले सभी पहलुओं पर सरकार विचार क्यों नहीं करती ? उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की बात की जाए तो प्रत्येक चौथा मकान या व्यावसायिक बिल्डिंग नियमों की आधीअधूरी पूर्ति करके कार्य कर रहा है यानि की अवैध रूप से मौजूद है। क्या सरकार के जिम्मेदार विभाग इसका संज्ञान ले पा रहें है। आज भी 500 से अधिक संस्थान बिना फायर एनओसी के कार्य कर रहें है। प्रदेश में अधिकांश नीति और नियम कागजो तक ही सीमित है जिनका व्यावहारिक रूप से व्यापक अंतर देखने को मिलेगा। फिर भी सरकार ने अकबरनगर को अवैध तरीके से निर्माण के खिलाफ उसे तोड़ने पर सभी लोगों ने स्वागत किया पर यही कार्यवाही पन्तनगर, रहीमनगर, इन्द्रप्रस्थनगर और अबरारनगर तक पहुंचतें ही ख़त्म कैसे हो गयी ? क्या कार्यवाही ख़त्म करना माननीय सुप्रीमकोर्ट के आदेशों की अवहेलना नहीं है ? अब कुकरैल नदी के संरक्षण की बात कहा गुम हो गई?

सरकार के निर्णयों में जब समरूपता नहीं होती तो आम जनता में सरकार के प्रति विश्वास कम हो जाता है ऐसे में सरकार का यह दायित्व है की किसी भी तरह के निर्णय को लेने से पहले कई पहलुओं पर विचार करके ही निर्णय ले। जब सरकार अपने निर्णय से वापस हटती है तो नुकसान झेल चुकी आबादी में रोष की भावना व्याप्त हो जाती है। अकबरनगर में बड़ी कार्यवाही करने के पश्चात् क्या सरकार इस बात को सुनिश्चित कर पायेगी की प्रदेश में अब नए अवैध निर्माण नहीं होंगे ? क्या उन सभी जिम्मेदार लोगों को बाध्य किया जा सकेगा जो अवैध निर्माण को रोकने के लिए जिम्मेदार है ? क्या ऐसे विभाग और कर्मचारियों का दायित्व सुनिश्चित किया जा सकेगा की उनके कार्यकाल की अवधि में अवैध निर्माण पर बिजली, पानी, सीवर समेत अनेक सरकारी सुविधाओं को प्रदान क्यों किया गया ?

बढ़ती जनसँख्या, बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिकदबाव और नियमों का पालन कराने वाले कर्मचारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार न केवल अवैध निर्माण को आज भी होने दे रहा बल्कि भविष्य में इस पर रोक शायद ही हो सकें। ऐसे में सरकार को चाहिए की जनता पर सख्ती करने के बजाय उन कर्मचारियों और विभागों पर सख्ती करें जिनकी जिम्मेदारी इस तरह के निर्माणों को रोकने की है। अवैध निर्माण और सरकारी जमीन पर कब्जे जिन कर्मचारियों के कार्यकाल और विभागों की लापरवाही से है, को तत्काल ऐसे सभी कर्मचारियों और विभागों पर कार्यवाही करके सरकार जनता को यह मेसेज दे सकती है की सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है। यहाँ तक की सरकारी मूलभूत सुविधाएँ अवैध निर्माण तक पहुचाने वाले अधिकारी और विभागों की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करना जरुरी है जिससे भविष्य में उत्पन्न होने वाली समस्या से निजात मिल सकें।

सरोकार

चिंता और चिंतन

राम प्रताप वर्मा

मानव जीवन , समस्याओं का पिटारा है । जब हम समस्याओं से घिरते हैं तो मन मस्तिष्क में चिंता का समावेश होना आम बात है। किसी को रोजगार की चिंता , किसी को अपने बच्चे के उचित शिक्षा की चिंता , किसी परिवार को बीमारियों ने घर कर लिया है। उनके इलाज के लिए उचित डाक्टर की तलाश के साथ-साथ इलाज में आने वाले खर्च के व्यवस्था की चिंता । कुछ एक युवा किसी प्रतियोगी परीक्षा के अंतिम पायदान पर पहुंच कर सफलता से वंचित रह जाते हैं। इसकी चिंता उनके मनोबल को तोड़कर अगले कुछ दिनों के लिए घनघोर अंधेरे में लेकर चली जाती है। किसी घर में बेटी शादी की चिंता है। उचित रिश्ता नहीं मिल रहा , उचित घर नहीं मिल रहा , घर - वर मिल गया तो उनको लड़की ही नहीं पसंद आ रही, लड़की पसंद है तो समुचित दहेज की व्यवस्था ना होने से मामला बिगड़ जाता है । इसके अतिरिक्त अनेकों चिंताएं हैं जिनसे आम और खास आदमी को दो चार होना पड़ताहै। ।

मानव जीवन एक .....चिंताएँ अनेक । लेकिन कहते हैं हिम्मत ना हारिए, विसारिए ना राम। इतिहास साक्षी है मानव ने कच्चे मांस खाकर और नंगे रहते हुए आज चिंतन के द्वारा वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर आधुनिक सभ्यता तक का सफर पूरा करते हुए सतत नित नये मानदंड स्थापित करते हुए मानव , अपनी सभ्यता को अपने सफलताओं से अनवरत अग्रेषित कर रहा है। वास्तव में चिंतन से ही हर चिंता का समाधान सम्भव है। वैयक्तिक तौर पर हम सब अपनी चिंताओं का सम्पूर्ण समाधान चिंतन करके ही कर सकते हैं। इस चिंतन के परिणामस्वरूप कुछ साधन हमें परिवार से , कुछ समाज से लेना होता है । डूबते को तिनके का सहारा .... संकट मिटे हमारा ....। ऐसा भी नही है कि समाज के सारे लोग हमारे लिए धनात्मक ही होंगे..... कुछ ऐसे लोग भी मिलते हैं जो डूबती नैया को डूबता देख आनंद भी उठाने से परहेज नहीं करेंगे। ऐसे नकारात्मक लोगों से हमें सावधान रहना होगा और उनकी नकारात्मकता से प्रेरित होकर हमें और अधिक सकारात्मक होना होगा , और अधिक ऊर्जा से लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान देना होगा।

चिंता / समस्या से निबटने की हमारी दृढ़ इच्छा शक्ति ही वह नौका है जिस पर सवार होकर हम वैज्ञानिक चरणों को जीवन में अपनाकर हल पा सकेंगे..... क्या ? क्यों ? कैसे ? किससे ? कहां ? कब ?

सम्बंधित चिंता पर गहन चिंतन करते हुए इन उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर ढूंढकर ईश्वर के प्रति श्रद्धावनत रहते हुए निश्चित ही समाधान पाने में सफल होंगे । बुजुर्गों ने कहा है कि चिंता , चिता समान है अर्थात जिस भी शरीर में स्थायी रूप से चिंता घर कर लेती है उस शरीर में प्रतिदिन चिता जैसी ज्वाला जलती है लेकिनधयान रहे चरणबद्ध वैज्ञानिक चिंतन और रणनीति से हम निश्चित ही चिंता की चिता जलाने में सफल होंगे ।

जब उन्नाव के क्रांतिकारियों का फिरंगियों से शुरू हुआ युद्ध



गौरव अवस्थी

वर्ष 1857 का प्रथम स्वाधीनता संग्राम सभी को याद ही है। इस संग्राम में उन्नाव के रणबांकुरों ने अंग्रेजी फौजों से जम कर युद्ध किया था। उन्नाव की वीर भूमि पर सेनानियों ने कई बार फिरंगियों को पीछे धकेला। इसी का नतीजा था कि कानपुर में नाना राव पेशवा सरकार का पतन करके आगे बढ़ाने वाले जनरल हैवलॉक को दो बार कदम पीछे हटाने पड़े । कानपुर और बिठूर जीतने के बाद हैवलॉक जनरल नील को कानपुर की जिम्मेदारी देकर क्रांतिकारियों की कैद से अंग्रेज सैनिकों और उनके परिजनों को छुड़ाने के लिए गंगा पार करके लखनऊ की ओर बढ़ा। 28 जुलाई को गंगापार करके वह मगरवारा पहुंचा। मगरवारा के घर-घर में क्रांति की ज्वाला धड़क रही थी। फिरंगियों को धूल चटाने के लिए हर घर में छिद्र बनाए गए थे ताकि बंदूक और टॉप से लैस फिरंगियों को आगे बढ़ने से रोका जाए। विफल होने के बाद जनरल हैवलॉक 29 जुलाई को उन्नाव की ओर बढ़ा लेकिन क्रांतिकारियों ने घेरा डाल दिया। क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी सेनाओं का डटकर सामना किया। क्रांतिकारी सेना की कई देसी तोपें दलदल में फंस गईं। उन्नाव के उस युद्ध में क्रांतिकारियों की 15 तोपें टूट कर बेकार हो गईं। हैवलॉक ने इन तोपों को हथिया लिया। उस समर में 300 क्रांतिकारी शहीद हुए। उन्नाव के युद्ध में क्रांतिकारियों को विफल करने के बाद हैवलॉक बशीरतगंज की तरफ बढ़ा। बशीरतगंज तब ऊंची दीवारों से गिरा एक शहर था। यहां क्रांतिकारी और अंग्रेजी सेनाओं के बीच तीन बार भीषण युद्ध हुए। फिरंगी सेनाओं को दो बार क्रांतिकारियों ने खदेड़ दिया। बशीरतगंज के प्रथम युद्ध में जनरल हैवलॉक की 1/6 सेना नष्ट हो गई थी। उसकी सेना के 88 लोग मारे गए। उसने कानपुर में जनरल नील से सैनिक सहायता मांगी लेकिन खुद क्रांतिकारियों से घिरा होने के कारण उसने असमर्थता जता दी। इसके चलते हैवलॉक अपने कदम पीछे हटाकर फिर मगरवारा पहुंच गया। सैनिक सहायता मिलने के बाद चार अगस्त को हैवलॉक फिर लखनऊ की ओर आगे बढ़ा और बशीरतगंज में क्रांतिकारियों से दूसरा युद्ध हुआ। इस युद्ध में क्रांतिकारियों के साथ अनेक तालुकदार और जमींदार की सेनाएं भी शामिल हुईं थीं। दूसरे युद्ध में 25 अंग्रेज अफसर मारे गए और करीब ढाई सौ क्रांतिकारी शहीद हुए। बशीरतगंज के इस द्वितीय युद्ध के बारे में हैवलॉक ने खुद लिखा-% लखनऊ मार्ग का प्रत्येक गांव हमारे विरुद्ध था आम लोग भी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उठ खड़े हुए थे।% बशीरतगंज से 12 मील की दूरी पर फतेहपुर 84 में अपने सैनिकों के साथ नाना साहब पेशवा के जमे होने और ग्वालियर की सेनाओं के कालपी तक पहुंच जाने की खबरों की वजह से हैवलॉक लखनऊ बढ़ने के बजाय फिर मगरवारा वापस लौटने को मजबूर हुआ। तीसरी बार जनरल हैवलॉक 11 अगस्त को गंगा पार करके लखनऊ की ओर चला। इस बार क्रांतिकारियों ने बसेरतगंज के पहले बुढ़िया की चौकी गांव के पास ही अंग्रेजी सेनन से मोर्चा लिया। इस युद्ध में भी हैवलॉक को काफी क्षति पहुंची 32 अंग्रेज सैनिक मारे गए और करीब 300 क्रांतिकारी शहीद हुए। बशीरतगंज के इस युद्ध में लौंडिया खेड़ा के राव रामबक्स सिंह, रसूलाबाद के मंसब अली और बांगरमऊ (तरफसराय) के जस्सा सिंह जनवार की सेनाओं के साथ जनसाधारण ने भी भाग लिया। युद्ध में सफल होने के बावजूद हैवलॉक क्रांतिकारी अवरोध के चलते लखनऊ की ओर बढ़ नहीं पा रहा था। इस पर कानपुर बिठूर पर काबिज उसकी सेना के द्वितीय अधिकारी जनरल नील ने पत्र लिखकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी। क्रांतिकारियों के अवरोध के भीषण अवरोध के चलते ही हैवलॉक को लखनऊ पहुंचने में 2 महीने का वक्त लग गया था। मगरवारा में 21 सितंबर को हुए दूसरे युद्ध में भी ब्रिटिश फौजों को भीषण युद्ध का सामना करना पड़ा था। अगर उन्नाव में युद्ध घनघोर न होता तो ब्रिटिश हुकूमत लखनऊ पर 8 महीने पहले ही काबिज हो सकती थी। जनरल हैवलॉक कानपुर में नाना साहब की सरकार के पतन के बाद जब पहली बार गंगा पार करके मगरवारा में डेरा डाले था तब मगरवारा के घर-घर से फिरंगियों पर हमले हुए थे फिरंगियों से निपटने के लिए घर-घर में छेद बनाए गए थे इसका विवरण खुद हैवलाक ने अपने संस्मरण में लिखा है। उन्नाव के इन रणबांकुरों पर आज हम सभी को नाज तो है लेकिन हम अपने इन बहादुर पूर्वजों के स्वर्णिम इतिहास से ही अपरिचित हैं।

नजरिया

आधुनिकता में विदेशी जीवनमूल्यों का प्रवाह

हृदयनारायण दीक्षित

आधुनिकता प्रायः आकर्षण होती है। नई होती है और ताजी प्रतीत होती है। लेकिन वास्तविक आधुनिकता विचारणीय है। आधुनिकता नकली भी होती है। दरअसल आधुनिकता स्वयं में कोई निरपेक्ष आदर्श या व्यवहार नहीं है। इसका सीधा अर्थ ही प्राचीनता का अनुवर्ती है। आधुनिकता प्राचीनता के बाद ही आती है। इसलिए हरेक आधुनिकता की एक सुनिश्चित प्राचीनता होती है। इसी तरह प्राचीनता की भी और प्राचीनता होती है। आधुनिकता को और आधुनिक कहने के लिए उत्तर आधुनिकता शब्द का चलन बढ़ा भी है। सच बात तो यही है कि प्राचीनता और आधुनिकता के विभाजन ही कृत्रिम हैं। काल अखण्ड सत्ता है। काल में न कुछ प्राचीन है और न ही आधुनिक। हम मनुष्य ही काल संगति में प्राचीनता या नवीनता के विवेचन करते हैं। प्राचीनता ही अपने अद्यतन विस्तार में नवीनता और आधुनिकता है। हम आधुनिक मनुष्य अपने पूर्वजों का ही विस्तार हैं। वे भी अपनी विषम परिस्थितियों में अपने पूर्वजों से प्राप्त जीवन मूल्यों को झाड़ पोछकर अपने समय की आधुनिकता गढ़ रहे थे। ऐसा कार्य सतत प्रवाही रहता है।

गतिशील समाज वर्तमान से संतुष्ट नहीं रहते। वे उसे और सुंदर बनाने के स्वप्न देखते हैं। कर्म भी करते हैं। वे राजव्यवस्था से भी संतुष्ट नहीं होते। जनतंत्री देशों में चुनाव होते हैं। राजव्यवस्था के कर्ताधर्ता एक निश्चित अवधि बाद चुनाव में जाते हैं। समाज उन्हें बदल देता है या फिर से उन्हें ही काम करने का जनादेश देता है। लेकिन समाज व्यवस्था के बदलने का कोई चुनाव नहीं होता। सामाजिक असंतोष को दूर करने का समयबद्ध उपाय नहीं है। सत्य की प्रतिष्ठा शाश्वत जीवन मूल्य है। असहमति के आदर से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। सभी संस्कृतियों में प्राचीन के साथ संवाद की परंपरा है। लेकिन कथित प्रगतिवादी प्राचीन को कालवाह्य बताते हैं। लेकिन सारा पुराना कालवाह्य कूड़ा करकट नहीं होता। वह पूरा का पूरा बदली परिस्थितियों में उपयोगी भी नहीं होता। पुराने के गर्भ से ही नया निकलता है। नवजात में पुराने के अंश भी होते हैं। सत्य, शिव और सुंदर के लिए कर्म चला करते हैं। इन्हीं तीनों की त्रयी विवेचन का मूल आधार बनती है। आधुनिकता का आग्रह स्वाभाविक है। लेकिन स्वाभाविक आधुनिकता भी प्राचीनता के गर्भ से ही आती है। हमें जीवन मूल्यों का आयात नहीं करना चाहिए। यों आधुनिकता कोई जीवन मूल्य नहीं है और प्राचीनता भी नहीं। दोनों समय और परिस्थिति का ही बोध कराते हैं।

विज्ञान और दर्शन के विकास ने देखने और सोचने की नई दृष्टि दी है। इससे प्राचीनता को सुंदर नूतन परिधान मिले हैं। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञान कोष है। हम ऋग्वेद के समाज को प्राचीन कहते हैं। ऐसा उचित भी है। ऋग्वेद में उसके भी पहले के समाज का वर्णन है। ऋग्वेद जैसा मनोरम दर्शन और काव्य अचानक नहीं उगा। निश्चित ही उसके पहले भी दर्शन और विज्ञान के तमाम सूत्र थे। वैदिक पूर्वजों ने अपने पूर्वजों से प्राप्त परंपरा का विकास किया। ऋग्वेद की कविता वैदिक काल की आधुनिकता का दर्शन-दिग्दर्शन है। यही बात उपनिषद् और महाकाव्य काल पर भी लागू होती है। महाभारत में धर्म, सत्य और लोकव्यवहार की मान्यताएं बदल गई हैं। इसीलिए उसी समय गीता दर्शन का उदय हुआ। अर्जुन ने उस समय विद्यमान तमाम प्रश्नों और चुनौतियों को मौलिक प्रश्न बनाया। श्रीकृष्ण ने उनके उत्तर दिये। महाभारत काल के लोग गीता दर्शन के उदय को आधुनिक काल कहते थे। श्रीमद् भागवत उसी समय की आधुनिकता का भाव प्रवण चित्रण हैं। इसमें प्रेमरस, भावरस और भक्ति रस का प्रीतिपूर्ण प्रवाह है। लेकिन महाभारत काल की आधुनिकता में भी वैदिक परंपरा की निरंतरता है। सांस्कृतिक निरंतरता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। असली बात सांस्कृतिक निरंतरता है।

वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था या खेती किसानी के विकास का भी इतिहास है। कौटिल्य का %अर्थशास्त्र% ईसा के लगभग 325 वर्ष पूर्व की सूचना देता है। इस अर्थशास्त्र में भी वैदिक दर्शन की परंपरा है। %अर्थशास्त्र% के रचनाकाल का समाज भी अपने समय आधुनिक ही था। अब वह स्वाभाविक ही प्राचीनकाल का भाग है। आधुनिक भारत का समाज प्राचीन भारत के पूर्वजों के सचेत या अचेत परिश्रम का परिणाम है। आधुनिकता में प्राचीनता की चेतना होनी चाहिए लेकिन अंग्रेजी राज के दीर्घकाल में प्राचीनता को अंधविश्वास और पिछड़ापन बताया गया। पूर्वज आर्यों को भी विदेशी पढ़ाया गया। एक अस्वाभाविक आधुनिकता का विकास किया गया। बावजूद इसके कि अनेक यूरोपीय विद्वान भी भारतीय दर्शन और संस्कृति के पक्षधर थे, लेकिन अंग्रेजी सत्ता संस्कृतिहीन समाज बना रही थी। उन्होंने स्वयं को आधुनिक बताया और भारतीय सभ्यता को पिछड़ा।

आधुनिकता भारतीय प्राचीनता की ही पुत्री है। प्राचीनता मां है और आधुनिकता पुत्री। माता पूज्य है और पुत्री आदरणीय। दोनो स्वतंत्र सत्ता नहीं हैं। आधुनिकता को यथासंभव मां के सद्गुणों का अवलम्बन करना चाहिए और देशकाल परिस्थिति के अनुसार स्वयं का पुनर्सृजन व विकास भी करना चाहिए। प्राचीनता पिछड़ापन नहीं है। प्राचीनता का विवेचन जरूरी है। प्राचीनता की गतिशीलता में ही हम आधुनिक होते हैं। गति के साथ अनुकूलन करना और अनुकूलन व अनुसरण में ही प्रगतिशील होते जाना काल का आह्वान है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

संक्षिप्त खबरें

भारतीय सैनिकों के शौर्य का प्रतीक है कारगिल ..

कुशीनगर। कारगिल युद्ध भारतीय सैनिकों के शौर्य की अमर गाथा है।जब चुपके से 1999 के म ई माह में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने तैयारी के साथ भारतीय परिक्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सैनिक चोटी पर कब्जा कर लिया, उसके बाद भारतीय सैनिकों के जोश एवं जज्बा के बाद आज ही के दिन उस चोटी पर भारत का कब्जा हुआ।यह एक ऐसा युद्ध था जिसको पाकिस्तान ने स्वीकार तो नहीं किया लेकिन पूरी तैयारी एवं ताकत के साथ युद्ध किया।इस युद्ध में लगभग 547भारतीय जवान शहीद हो गये और लगभग 1500 घायल। इस युद्ध में कैप्टन बत्रा का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है।उक्त बातें आज राष्ट्रीय इन्टरमीडिएट कालेज भुजवली प्रमुख में कारगिल दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य डा देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया।इसके बाद कक्षा 9 की छात्राओं ने पोस्टर एवं प्रदर्शनी के माध्यम से इस पूरे घटनाक्रम को दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी तथा एन एस एस के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

बैटरी चोरी मुकदमा दर्ज

कुशीनगर। पडरौना क्षेत्र के धोबी धाट चौराहे पर एक बिल्डिंग मैटेरियल व्यवसाई के घर दस वर्ष से कार्य कर रहा मजदुर ही अपने मालिक के ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर लिया। पडरौना कोतवाली के जंगल कुलमौल निवासी शम्भु यादव ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। तहरीर में बताया गया है कि बीते शनिवार 18 जुलाई की रात उक्त निवासी के घर पर खड़ी ट्रैक्टर से दस वर्ष से घर पर रह रहा मजदुर ने ही बैटरी चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया।जब मालिक सुबह ट्रैक्टर चालू करने गए तो ट्रैक्टर चालू नही हुआ तो देखा की बैटरी ही गायब है तुरन्त सीसीटीवी कैमरा देखते ही दंग रह गया । गांव के ही निवासी उमेश चौहान मजदुर ट्रैक्टर से बैटरी खोलते नजर आ रहा था।शुक्रवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शुशील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

नलकूप से चोरी का असफल प्रयास

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में अज्ञात चोरों ने खेत में बनी कोठी का ताला दरवाजा तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। दरवाजा तोड़ने में असफल होने पर चोर भाग गए। पीड़ित किसान ने मामले की सूचना छिरिया सलेमपुर चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है। छिरिया सलेमपुर निवासी बब्बू पुत्र सतीश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके खेत पर कोठी बनी हुई है और बोरिंग है। 25 जुलाई की रात को अज्ञात चोर ने कोठी के दरवाजे व दीवार तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। कोठी में घुसने के लिए उन्होंने ताला व दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके तो उन्होंने दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोठी में तोड़फोड़ कर चोरी करने में असफल होने की घटना के बाद से किसान परेशान हैं। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना छिरिया मलकपुरा चौकी पर देकर चोरों का पता लगाकर कार्यवाही करने की मांग की है।

विषाक्त पदार्थ के सेवन से अधेड़ की हुई मौत

एट, जालौन। एट थाना क्षेत्र के बिरासनी मोड पर स्थित खेत में बनी कोठी पर 55 वर्षीय अधेड़ की लाश मिली है मरने वाले का नाम रमेश चौधरी उर्फ पांडा है पिता का नाम चमन अहिरवार निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर कस्बा बा थाना एट बताया गया है जानकारी मिली है कि मृतक रमेश चौधरी उर्फ पांडा का खेत बिरासनी मोड पर है। इसी खेत में उसने एक कोठी बनवा रखी है। गुरुवार की शाम को रमेश उर्फ पांडा खेत पर गया था। जहां संदिग्ध हालत में किसी विषाक्त पदार्थ के सेवन से उसकी मौत हो गई। हालांकि जहरीले पदार्थ के सेवन की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। मामले की सूचना मिलने पर एट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। किन हालातो में किसान ने विषाक्त का सेवन किया है यह भी अभी साफ नहीं हो पाया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पाएगी।

चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू

उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करसान में दबंगों द्वारा जमीन पर लगे हदबंदी के पत्थर उखाड़ कर फेंक देने व रोकने पर गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित राजेश्वरी पत्नी बृजलाल निवासी ग्राम बोहदपुरा कोतवाली उरई की तहरीर पर दबंग भोगीलाल पुत्र तुलसी राम निवासी ग्राम करसान कोतवाली उरई समेत चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

उरई। दहेज की मांग पूरी न होने पर लोभी ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता संग मारपीट गाली गलौज कर उसका उत्पीड़न करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित विवाहिग राधा यादव पुत्री स्व.कैलाश यादव निवासी जेल रोड कोतवाली उरई की तहरीर पर पति आकाश यादव पुत्र गंगा प्रसाद निवासी मुहल्ला नया पाठकपुरा कोतवाली उरई समेत 3 लोगों के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज

उरई। शहर के मोहल्ला इंद्रा नगर स्थित एक महिला के घर से चोरों द्वारा ताला तोड़कर घर मे रखे 15 सौ रुपये चोरी कर ले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित दीप्ती बुधौलिया की बहिन दीपशिखा पत्नी देव सिंह निवासी नया राम नगर कोटरा रोड कोतवाली उरई की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

एसपी ने ली परेड की सलामी

उरई, जालौन। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। तदोपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से उपयुक्त रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को शस्त्राभ्यास कराया गया। इसके बाद एसपी ने डायल 112 के वाहनों व उसके उपकरणों का बारीकी से जांच किया और बेहतर रख रखाव के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने वर्दी स्टोर,लेख डीसीआर, परिवहन शाखा, मैस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जिला आरक्षी बैरक में साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। साथ ही पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट की व्यवस्था करने को कहा। आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों को चेक किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पारसनाथ चौधरी भी मौजूद रहे ।

डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

बंदियों से बात कर व्यवस्था की जानकारी ली, अधीक्षक को पेयजल उपलब्ध कराने का दिए निर्देश

संवाददाता

उरई, जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओ के सम्बंध में जानकारी की। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाये, इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, जेलर प्रदीप कुमार, उप जेलर तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

उरई, जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने आज पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए परीक्षा केंद्र सर्वोदय इण्टर कॉलेज व आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, अभ्यर्थियों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान, शौचालय, विधुत, पेयजल आदि का जायजा लिया एवं संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगवाने तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के बैग इत्यादि को रखने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिससे परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए प्रशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि गेट पर प्रॉपर तरीके से चेकिंग अवश्य कराई जाएगी।कक्षा में कक्ष निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी फोटोकॉपी मशीन और साइबर कैफे इत्यादि दुकान नहीं खुली रहनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध वाहनों पर भी निगाहे रखें परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं जाएगी, यह आप सभी लोग सुनिश्चित कर लें।

फ्रॉड कॉल कर झांसा देने वाले व्यक्तियों पर दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता

कुशीनगर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राम जियावन मौर्य ने अवगत कराया है कि शिकायतकर्ता जिवन राय पुत्र आदालत राय ग्राम मुरीला हरपुर बुढवा टोला थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर का निवासी है। अपने लड़के गोपाल आर0टी0ई0 (बेसिक शिक्षा अभियान पोर्टल पर ऑनलाइन फार्म भरा था, प्रार्थी के लड़के के एडमिशन के लिये कल दिनांक 24.07.2024 को समय करीब 04.48 बजे शाम को मो0नं0 से फोन आया कि हम लोग जिले से बोल रहे है आपके लड़के के एडमीशन के लिए फार्म व लड़के की आईडी प्रूफ लेकर आईये जब मैं जिले पर आकर आज दिनांक 25.07.2024 को फोन किया तो मुझे ष्ट.स्.ष्ट. (कामन सर्विस सेन्टर) धर्मपुर खुर्द थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर बुलाया गया। वहाँ पर काम करने वाले 1. सुनील कुमार पुत्र चन्द्रशेखर सा0 भगवानपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी 2. सत्येन्द्र कुमार पुत्र शारदा प्रसाद सा0 साड़ी बुजुर्ग थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर द्वारा फ्राड करके मुझे झाँसा में लेकर मुझसे मेरे लड़के का आईडी प्रूफ माँगा गया तथा 2000 रुपये माँगे और कहे कि एडमीसन फार्म लेकर जाईए। शंका होने पर शिकायतकर्ता ने उनको पैसा नहीं दिया और *इसकी शिकायत जिलाधिकारी महोदय से किया। जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया दूरभाष पर फ्रॉड करने वालों व्यक्तियों से शिकायतकर्ता के बड़े भाई बन कर बात की और उसे पैसे देने हेतु बुलाया एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित एसएचओ को संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए*। निर्देश के क्रम में फ्राड करने वाले व्यक्तियों को मौके पर पकड़ लिया गया है। सुसंगत धाराओ मे वाद पंजीकृत कर लिया गया है।

महिला पर नाली तोड़ने का आरोप

कुशीनगर। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के गांव पड़रही में जल निकासी के लिए बनाइ गईं। नाली को गांव की महिला द्वारा तोड़ दिया गया। ग्राम प्रधान ने जटहा पुलिस को शुक्रवार को एक लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। ग्राम प्रधान पड़राही बलवंत मल ने शुक्रवार को सुबह जटहा पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की गांव की जलनिकासी के लिए।नरेंद्र के खेत से गुजनरायन के खेत तक करीब 90मीटर लम्बा नाली का निर्माण ग्राम पंचायत से कराया जा रहा था। जिसमे 80मीटर नाली का निर्माण पिछले वर्ष होगया। दस मीटर नाली निर्माण को गांव की गायत्री देवी ने रोक दिया था जिसकी शिकायत एसडीएम खड्डा से किया गया था। शिकायत की जांच करने गुरुवार को पहुंच एसडीएम ने जांच के बाद नाली निर्माण का आदेश देदिया। आदेश के बाद तत्काल नाली निर्माण पुलिस की मौजूदगी में करा दिया गया। रात मे उक्त महिला ने अपने सहयोगियों से मिल कर नाली को तोड़ दिया।

सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय में आयोजित हुआ कारगिल विजय दिवस

संवाददाता

कुशीनगर। सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने अवगत कराया है कि आज कारगिल विजय दिवस की स्मृति पर कुशीनगर स्थित सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कारगिल में शहीद सैनिकों के अमर बलिदानों उनके योगदानों को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारीगण व पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण भी किया। विंग कमांडर श्री सक्सेना ने बताया कि आज देश के अमर सैनिकों के बलिदानों व महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके अद्भुत , अतुलनीय एवं सराहनीय योगदानों को संपूर्ण देश में याद किया जा रहा है। भारतीय सेना के त्याग एवं बलिदानों पर पूरे देशवासियों को गर्व है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे देश के सेना ने डटकर दुश्मनों का सामना किया है। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा पूरी दुनिया ने माना है।देश के प्रति उनका जज्बा हमें और आने वाली पीढ़ियों को सदा मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

उक्त अवसर पर पूर्व सैनिक मेजर डा0 ए0के0 बरनवाल, कैप्टल लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन आर0एस0 पाण्डेय, अनिल सिंह, एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।उक्त बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के देवेन्द्र नाथ गुप्त, व0 सहायक, प्रभाकर नाथ तिवारी, क0 सहायक एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में हुआ आयोजन

संवाददाता

कुशीनगर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जिला संयुक्त चिकित्सालय में देश के वीर अमर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के ध्येय से स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप (शिविर)का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सेना के अधिकारी कर्मचारी सहित कई जवानों ने तथा पत्रकार बंधुओं ने आयोजित शिविर में स्वैच्छिक ब्लड डोनेट कर कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद वीर अमर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप/ रक्तदान शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया।रक्तदाताओं को रक्तदान करने के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सेना के वीर जवानों के साथ साथ सम्मानित पत्रकार बंधुओं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया, साथ ही साथ जिलाधिकारी ने आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेशन/ रक्तदान के लाभकारी गुणों के बारे में बताते हुए उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों सहित रक्तदाताओं को इसके फायदों से अवगत कराया। रक्तदान है महादान इससे विषम परिस्थियों में कई व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान के फायदे के अंतर्गत उन्होंने बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से हार्ट से संबंधित बीमारियों में कमी आती है, लिवर स्वस्थ रहता है तथा मुफ्त में सारी जांचे भी हो जाती है।

इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज आर के शाही, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एच एस राय, चिकित्सक गण, स्टाफ नर्स , पत्रकार बंधु आदि जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रिटायर्ड शिक्षक के घर में चोरों ने लाखों का माल किया पार

मौके मुआयना करने के बाद पुलिस बोली मामला संदिग्ध लग रहा है

संवाददाता

उरई। रिटायर शिक्षक के घर में संदिध हालत में लाखों रुपए की चोरी हो गई। जब सुबह वह जागा तो उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर परिवार के लोग और पास पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। वहीं इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में मामले की जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस से जानकारी की तो पुलिस ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है। अगर मामला सही पाया गया तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शहर के मुहल्ला तुलसी नगर में सेवानिवृत्त अध्यापक रवींद्र नाथ अपनी पत्नी मालती देवी व पुत्र नीरज के साथ रहते थे। ऊपर वाले हिस्सा बंद रहता था उसी के एक कमरे में अलमारी रखी हुई थी। शुक्रवार की दोपहर को नीरज जब ऊपर वाले कमरे में गया तो दरवाजा खुला हुआ था। जब उसने अलमारी देखी तो सामान व्यवस्थित रखा था और उसमें से करीब एक किलो सोने चांदी के जेवरात व 90 हजार रुपये की नकदी गायब थी। इसके बाद नीरज ने इसकी सूचना पिता के साथ कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसएसआई उदय ने फील्ड यूनिट के साथ जांच की लेकिन मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस का कहना है मकान पूरी तरह से बंद और कहीं से भी किसी के घर में घुसने की गुंजाइश नहीं है। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि चोरी की सूचना मिली थी जिसकी जांच कराई जा रही है।

चेयरमैन व उपजिलाधिकारी हाटा ने किया निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण

मथौली मेन चौराहे पर 1 करोड़ 79 लाख की लागत से बन रहा कार्यालय

संवाददाता

कुशीनगर। शुक्रवार को निर्माणाधीन नगर पंचायत मथौली कार्यालय का नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह व प्रभारी ईओ उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था को गुणवत्ता के साथ निर्माण करने व समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बता दें कि 1 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से कस्बे के मुख्य चौराहे पर कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा नगर पंचायत मथौली कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।जो अक्टूबर तक निर्माण कार्य पूरा हो जाने की संभावना है। नगर पंचायत कार्यालय का निर्माण जल्द पुरा करने को लेकर निर्माणाधीन कार्यालय का नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह व प्रभारी ईओ मथौली उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के जे ई व संबंधित लोगों को गुणवत्तापरख कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही समय से पहले कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि नगर पंचायत स्थाई रूप से यहां से चल सेक। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य के गुणवत्ता की शिकायत नही होनी चाहिए, अगर ऐसी शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान

सभासद प्रतिनिधि अदालत प्रसाद, महेंद्र यादव, सभासद प्रिंस जायसवाल ,रविंद्र सैनी,प्रिंस मद्धेशिया ,मानवेंद्र सिंह, मोहन साहनी, आकाश चौरसिया, मोनू कनौजिया, आकाश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अलग अलग मामलों में विवाहिताओं के साथ हुई मारपीट

जालौन। अलग अलग मामलों में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिताओं को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पीड़िताओं ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी वंदना देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व ासंदीप कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति अतिरिक्त दहेज के रूप में एक कार की मांग करने लगे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार परिवार के लोगों ने समझाने की कोशिश की लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं हैं। उधर, मोहल्ला धर्मशाला निवासी रीना देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता सीताराम ने उसकी शादी पाठकपुरा उरई निवासी शुभम के साथ पर्याप्त दान दहेज देकर की थी। लेकिन अब वह किसी न किसी बात को लेकर तंग करते रहते हैं।

शहीदों की पत्नी हुई सम्मानित

बबीना मिलिट्री स्टेशन की टीम ने पहनाया अंग वस्त्र, बोले- उनकी शहादत याद रहेगी

संवाददाता

उरई, जालौन। 1999 में पाकिस्तान से हुए कारगिल युद्ध में जालौन के चिली गांव के रहने वाले जवान योगेंद्र पाल सिंह, सरमन सिंह सेंगर, धर्मेंद्र राजपूत और मनोज कुमार शहीद हो गए थे। उनकी शहादत में शुक्रवार को जालौन के उरई के सैनिक कल्याण बोर्ड में बबीना मिलिट्री स्टेशन की तरफ से आई टीम ने वीर शहीदों की वीरांगनाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना। उन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन भी दिया। उरई के सैनिक कल्याण बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में बबीना मिलिट्री स्टेशन से आए सूबेदार रामवीर सिंह भदौरिया, सूबेदार नेम चंद्र सिंह और हवलदार जसविंदर सिंह ने शहीदों की पत्नियों और परिजनों को सम्मानित किया। साथ ही उनकी समस्याओं को जाना। हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।

इस दौरान सूबेदार रामवीर सिंह ने कहा कि जालौन के लिए गर्व की बात रही है कि देश के खातिर हर लड़ाई में जालौन के जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कारगिल की लड़ाई में जिले के रहने वाले सैनिकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि लड़ाई में लड़ते-लड़ते जिले के रहने वाले कुछ सैनिक वीरगति को प्राप्त होकर जिले के लोगों के दिल में हमेशा के लिए अमर हो गए। उनकी शहादत को हर साल याद किया जाता है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व आर्मी मैन, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी और महत्वपूर्ण लड़ाई में शामिल शहीदों के परिजनों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

अज्ञात चोरों ने रुपये से भरा बैग उड़ाया

जालौन। बैंक से रुपये निकालकर घर जा रहे किसान की बाइक में रखे लगभग एक लाख रुपये अज्ञात चोरों ने उड़ाए। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम छिरिया खुर्द निवासी किसान राजकुंमार ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई को वह बाइक से जालौन आए थे। कुछ कामकाज निपटाकर उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से घर के जरूरी काम के लिए एक लाख रुपये निकाले और चार हजार रुपये उनके पास पहले से ही थे। रुपये निकालकर उन्होंने बाइक की डिग्गी में रख लिए। जिसके बाद वह वापस अपने गांव बाइक से जाने लगे। बंगरा रोड पर छहपुला के आगे उन्हें लघुशंका की आवश्कता महसूस हुई। उन्होंने सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी और लघुशंका करने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने उनकी बाइक की डिग्गी का ताला खोलकर उसमें रखे रुपये चोरी कर लिए।

छेड़छाड़ करने के मामले में तीन साल की सजा, चार हजार रुपये का जुर्माना

संवाददाता

उरई, जालौन। घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी के मामले में दोषी पाए जाने पर अपर जिला जज / पॉस्को कोर्ट के स्पेशल न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने युवक को 3 साल कैद एवं 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वहीं युवक के सहयोगी को 2 साल की कैद व 4 हजार रुपये के जुर्माना से दण्डित किया है। जुर्माना न अदा करने पर आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतान पड़ेगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह राजपूत तथा एडीजीसी विश्वजीत सिंह गुर्जर ने बताया कि नाबालिग लड़की से हुई छेड़खानी की यह घटना रामपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। 2 दिसंबर 2017 को 16 बर्षीय किशोरी अपने घर पर थी। तभी अभियुक्त राकेश कुमार व राहुल पुत्रगण भूरेलाल निवासी ग्राम टीहर थाना रामपुरा का राहुल उसके घर घुस गया था और लड़की से छेड़छाड़ कर दी थी। इसके साथ ही राहुल और उसके भाई ने किशोरी के साथ मारपीट की थी तथा जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 16 मई 2018 को आरोपपत्र दाखिल किया था। 6 साल चले ट्रायल में सबूत एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद गवाह पेश किए गए। सुनवाई पूरी होने पर शुक्रवार को छेड़खानी के मामले में जज मोहम्मद कमर ने राहुल को 3 साल कैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। वहीं उसके भाई को जान से मारने की धमकी देने व मारपीट में 2 साल कैद की सजा दी है। जुर्माना न अदा करने पर अतिरिक्त सजा भुगतने पड़ेगी।

संक्षिप्त खबरें

दिव्यांगजन होंगे लाभान्वित

बाराबंकी। विकासखंड परिसर सूरतगंज में दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैसाखी इत्यादि सहायक उपकरणों के लिए कुल 45 दिव्यांगजन चिन्हित किए गए।

सर्प दंश से वृद्धा की मौत

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तुरकानी मे गुरूवार की सुबह शौच के लिए जाते समय डिब्बे मे बैठे जहरीले साँप ने ड्स लिया परिजन इलाज के लिए नूरपुर ले जा रहे थे कि रास्ते मे महिला ने दम तोड़ दिया है। तुरकानी निवासी 70 वर्षीय रूपावती पत्नी स्व गुरुदयाल रावत गुरुवार की सुबह शौच के लिए जाते समय जैसे ही डिब्बा उठाया उसी मे बैठे जहरीले सांप ने महिला को ड्स लिया जानकारी होते ही परिजन इलाज के लिए नूरपुर ले जा रहे थे कि रास्ते मे महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिचौलियों की खोज में सब रजिस्ट्रार कार्यालय में छापेमारी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। सब रजिस्टर कार्यालय में बिचौलियों को पकड़ने के लिए एसडीएम राम आसरे वर्मा ने गुरुवार की दोपहर छापामारी करके कई लोगों से पूछताछ की, मगर कोई संदिग्ध व्यक्ति के न मिलने पर दस्तावेज लेखक तथा स्टांप वेंडरों को बिचौलियों से दूर रहने की सलाह दी। एसडीएम श्री वर्मा गुरुवार की दोपहर अचानक नायब तहसीलदार श्री पांडे कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी के साथ रजिस्ट्री कार्यालय के सामने पहुंचकर एक-एक व्यक्ति से पूछताछ करनी शुरू कर दी जिससे पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई लोग तो मौके से खिसक गए। परिसर के उपरांत वह कार्यालय भी पहुंचे जहां पर मौजूद क्रेता और विक्रेता से पूछताछ की। श्री वर्मा ने बताया कि रजिस्ट्री के दौरान बिचौलियों की भूमिका पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया गया लेकिन कोई भी बिचौलिया नहीं मिला। इस दौरान स्टांप विक्रेताओं तथा दस्तावेज लेखको से बिचौलियों पर लगाम लगाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी बिचौलिया पाया गया तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सृष्टि गुप्ता ने ग्रहण किया कार्यभार

कोठी, बाराबंकी। डेढ़ वर्ष से रिक्त पड़ी सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के कोठी पंचायत सहायक चयन प्रक्रिया में विवाद की शिलापट रखी गई। इसके लिए सचिव सुषमा अवस्थी पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए। मगर उनके द्वारा खुली बैठक में निष्पक्ष व बिना भेदभाव चयन प्रक्रिया अपनाते हुए स्थानीय निवासी सृष्टि गुप्ता को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट प्राप्त 93.5 प्रतिशत अंकों साथ चयनित किया गया। गुरुवार सृष्टि गुप्ता कोठी बाजार स्थित मिनी सचिवालय पहुंचकर सचिव सुषमा अवस्थी से चार्ज लेकर काम शुरु किया। क्षेत्रीय लोगों की समस्या के निस्तारण संकल्प लेते हुए सरकारी योजनाओं को सभी लाभ दिलाने व समस्त प्रार्थना पत्रों ऑनलाइन करने के साथ-साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रधान शिवनंदनी वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश चंद्र वर्मा, राकेश भारती व उत्तम सिंह आदि मौजूद थे। इन लोगों ने सृष्टि गुप्ता का मुंह मीठा उन्हें बधाई दी। सचिव ने बताया कि यह पद फरवरी 2023 से शैलवी पटेल इस्तीफा से रिक्त था।

शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त होने के कारण प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षामित्र से सहायक अध्यापक पद पर हुआ समायोजन निरस्त हो जाने के कारण कई शिक्षामित्र दिवंगत हो गए थे। तभी से प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को प्रदेश के समस्त शिक्षामित्र काला दिवस मनाते हैं। विकास खंड सिरौलीगौसपुर में शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए काला दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, शिक्षामित्र संघ की उपाध्यक्ष अर्शिया खातून, धर्मराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रह्लाद कन्नौजिया, संजय मिश्र, शबीना इब्राहिम, पूनम वर्मा, पूजा गुप्ता, शोभित तिवारी उपस्थित रहे।

रामनगर चौराहे पर जाम का झाम

रामनगर, बाराबंकी। बाराबंकी बहराइच हाइवे के रामनगर चौराहे पर यातायात सुचारु रूप से चलाने व जाम की स्थिति न आए इसके लिए पुलिस कप्तान ने एक टीएसआई, एक ट्रैफिक सिपाही व एक गार्ड तैनात किया था मगर उन्हे हटा देने से रामनगर चौराहे पर फिर जाम लगना शुरु हो गया है। यातायात व्यवस्था भी उलझ गई है। महादेवा का सावनी मेला शुरु होने से पंद्रह दिन पहले रामनगर चौराहे पर ट्रैफिक सही रहे व जाम न लगे उसके लिए टीएसआई मधुसूदन सिंह व उनके साथ एक सिपाही व गार्ड लगाया गया था। जब तक तीनो रहे चौराहे पर लगता था कि जाम कुछ भी नही है। दोनो तरफका यातायात सुगम हो गया था। यही नही डबल डेकर बसे, ओवर लोड वैन व अन्य सवारी गाडी वाले भी डरे थे कि उन्होंने गलती की तो चालान हो जाएगा। प्राइवेट डबल डेकर बसों के खिलाफ तो उन्होंने अभियान चलाया और कई बसों का चालान किया। उनकी सख्ती से रामनगर चौराहे की यातायात व्यवस्था सुधर गई थी मगर अचानक उनको टी आई बाराबंकी ने यह कह कर हटा दिया कि पुलिस कप्तान ने कहा है। रामनगर में टीएसआई नही रहेगा। तीन दिन पहले वे बाराबंकी चले गए अब रामनगर चौराहे पर खूब जाम लग रहा है व ओवर लोड प्राइवेट सवारी गाड़िया निकल रही है। कोई रोकने वाला नही है। चौराहे के लोग कह रहे है कि यंहा ट्रेफिक दरोगा की जरूरत है। तैनाती की जाए। अभी सावन के चार सोमवार बाकी है। ट्रेफिक व्यवस्था को सही से चलाने के लिए टीएसआई की तैनाती की मांग की है।

हेतमापुर तटबन्ध पर किया गया मॉक एक्सरसाइज

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में प्रदेश के बाढ़ के प्रति अतिसंवदनशील एवं संवेदनशील 44 जनपदों में मॉक एक्सरसाइज कराया जा रहा है, जिसके क्रम में तहसील रामनगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हेतमापुर तटबन्ध पर गुरुवार को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस मॉक एक्सरसाइज के आयोजन व संचालन से सम्बन्धित गतिविधियों व कार्यवाहियों के निरीक्षण हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली, व भारत सरकार एवं राजस्व विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उच्चाधिकारी निर्धारित आयोजन स्थल पर उपस्थित रहें।

सरकारी कार्यालयों पर अधिकारियों ने की छापामारी

13 व्यक्ति अवैध रूप से पाये गए संलिप्त

संवाददाता

बाराबंकी। शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यो में बिचौलियों के हस्तक्षेप को समाप्त किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन में उप संभागीय परिवहन अधिकारी, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय एवं समस्त तहसील कार्यालयों व चिकित्सालयों मे अवैध रूप से संलिप्त बिचौलिये व प्राइवेट कर्मचारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया, जिसमे से 11 व्यक्ति आरटीओ कार्यालय परिसर से, दो व्यक्ति जिला चिकित्सलयो से, इस प्रकार कुल 13 व्यक्ति अवैध रूप से संलिप्त पाये गये। इन 13 व्यक्तियों के विरूद्ध उचित विधिक कार्यवाही की गयी है। गुरुवार सुबह मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन द्वारा जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण किया।

टीम के पहुँचते ही आस-पास उपस्थित बिचौलिये भागने लगे, जिन्हें पुलिस द्वारा पकड़ा गया। मौके पर 02 अनाधिकृत व्यक्ति पुलिस द्वारा स्थल पर पकड़े गये। इन सभी व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। उप जिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राहुल पत्नी जगत साई द्वारा पुलिस उपाधीक्षक साउथ, अपर जिलाधिकारी न्यायिक व पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर के साथ संयुक्त रूप से कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अपराह्न 12:30 बजे छापेमारी की।

टीम के पहुँचते ही कार्यालय एवं आस-पास उपस्थित बिचौलिये भागने लगे, जिन्हें पुलिस द्वारा पकड़ा गया। मौके पर 11 अनाधिकृत व्यक्ति पकड़े गये। पुलिस द्वारा स्थल पर पकड़े गये। इन सभी 11 व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त कार्यालय के बाहर 03 दुकानें जो सीएससी के रूप में पंजीकृत होकर दलालों के माध्यम से अनाधिकृत कार्य में सलिप्त थे, को तत्काल बन्द कराया गया और इनके लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्यवाही भी की जा रही है। उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट आर.ए. वर्मा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार सुधाकर पाण्डेय और पुलिस निरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ तहसील तहसील कार्यालय और रजिस्ट्री कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि मौके पर कोई भी व्यक्ति बिचौलिये के रूप में नहीं पाया गया। वहीं उपजिलाधिकारी फतेहपुर राजेश कुमार विष्वकर्मा द्वारा उपनिबन्धक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कोई भी बिचौलिया मध्यस्ता करते हुए नहीं पाया गया। उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार द्वारा गुरुवार को तहसील रामनगर कार्यालय स्थित समस्त कार्यालयों, न्यायालयों तथा तहसील परिसर में स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यलय का गोपनीय ढंग से आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कोई भी प्राइवेट व्यक्ति कार्य करता हुआ नहीं पाया गया और न ही कोई बिचौलिया के रुप में चिन्हित हुआ। समस्त पटल सहायकों का कडे निर्देश दिये गये है कि भविष्य में यदि कोई भी बिचौलिया कार्य करता हुआ पाया जाता है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर द्वारा उपनिबन्धक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कोई भी बिचौलिया मध्यस्ता करते हुए नहीं पाया गया। उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ द्वारा उपनिबन्धक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कोई भी बिचौलिया मध्यस्ता करते हुए नहीं पाया गया।

दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का मुकुट बरामद

संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। सुबेहा थाना प्रभारी ने दिन दहाड़े हनुमान मंदिर से मुकुट चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा।

थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करके दोनो चोरों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बीती 24 जुलाई की सुबह लगभग 10 बजे कस्बे में स्थित शनि बाजार में बने हनुमान मंदिर में जाकर एक शातिर चोर ने मौके का लाभ उठाते हुए हनुमान जी के सिर पर लगा चांदी का कीमती मुकुट चुराकर रफू चक्कर हो गया। थोड़ी देर बाद जब मंदिर के पुजारी वहां पर पहुंचे तो उसने देखा कि हनुमान जी का मुकुट नही है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सुबेहा पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मंदिर के पास लगे सीसी टीवी कैमरे में जब देखा तो एक व्यक्ति मुकुट चोरी करके जाते हुए नजर आया। गुरुवार सुबह सुबेहा थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर थाना सुबेहा के ग्राम कक्षवा निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र रमाषंकर व थाना कोठी क्षेत्र के ग्राम मदारपुर, बहादुर सिंह निवासी कृष्णानन्द पुत्र बद्री प्रसाद विष्वकर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने इन लोगों के पास से चोरी किया गया मुकुट बरामद किया।

पकड़े गये चोरों के बारे में थाना प्रभारी ने बताया कि इन चोरों ने चांदी का मुकुट थाना असन्द्रा के देवीगंज चौराहे पर स्थित एक दुकान पर बेच दिया था। थाना प्रभारी ने दोनो शातिर चोरों को जेल भेज दिया।

मनरेगा कार्य में लापरवाही बीडीओ ने जांच के दिए आदेश

कोठी, बाराबंकी। मानक को दरकिनार कर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा मनरेगा के तहत पटरी पटाई के कार्य में लापरवाही कर बिना सफाई के ही कागज पर पटरी पटाई का कार्य दिखा दिया गया। उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद बीडीओ ने जांच के आदेश दिया है। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत पुरब बेलांव गांव से सरैया गांव तक पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क है। जहां पर पटरी पर घास उगी होने के चलते ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से आदेश कराकर पटरी पटाई का कार्य मनरेगा के तहत कराया जिसमें सिर्फ सफाई का कार्य कागज पर करके औपचारिकता निभाई जहां पटरी के किनारे की घास को हटा दिया गया और काम को पूरा होने का दावा कागज पर चढ़ा दिया स्थानीय ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी तो उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी जांच किया जाएगा।

अधिक से अधिक पौध रोपण करें: अंगद कश्यप

बाराबंकी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड देवा में स्थित अंसरा पब्लिक स्कूल खेवली में बृहद पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंगद कुमार कश्यप ने कहा कि पेड़ हमें स्वच्छ हवा, लकड़ी, फल, ईंधन, इमारती लकड़ी और रहने के लिए जगह जैसी महत्वपूर्ण चीजें देते हैं। इनके औषधीय और आध्यात्मिक उपयोग भी हैं। दुर्भाग्य से आजकल व्यवसायों के लिए अधिकाधिक वनों को काटा जा रहा है, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाना शुरू करें। पेड़ लगाने में योजना बनाना, बीज या पौधे जमीन में डालना, उन्हें पानी देना और उनकी देखभाल करना शामिल है। सरल शब्दों में पेड़ लगाना अपने और अपने बाद आने वाले लोगों के लिए बेहतर जीवन में निवेश करने जैसा है। पौधरोपण कार्यक्रम में पतिराज, समीरा बानो, सोनिका, गुलफ़्शा, शालिनी यादव, संध्या यादव, आकांक्षा मौर्या, तनु वर्मा, वंशिका सिंह, रिमझिम रावत आदि उपस्थित रहे।

गैंगस्टर आरोपी पर कार्रवाई करने से कतरा रही जैदपुर

आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर हुई थी मारपीट, बना हुआ है पीड़ितों को खतरा

संवाददाता

बाराबंकी। बीते 22 जुलाई को जैदपुर थाना क्षेत्र के टेरा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। घायलों का मेडिकल कराकर दोनों पक्षों की शिकायत के आलोक में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इस बारे में जैदपुर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि टेरा गांव में दो पक्षों की ओर से मारपीट की गई थी, और इसमें दोनों पक्ष की ओर से कई लोग घायल हुए थे। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। मामला पंचायत चुनाव से संबंधित पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। जिसमें एक पक्ष के मोहम्मद फहद पुत्र अब्दुल वहू ने थाने में शिकायती पत्र में बताया कि बीती 22 जुलाई की रात करीब 9 बजे अपने चचेरे भाईयों के साथ घर आ रहा था तभी विपक्षी इस्तिखार पुत्र अय्यूब, शादाब पुत्र मुमताज, आमिर पुत्र मुश्ताक, सालिम पुत्र इम्तियाज, आकिल पुत्र इम्तियाज, तारिक पुत्र मुश्ताक, शाहिद पुत्र उस्मान, फरहान पुत्र मुख्तार व दो तीन अज्ञात ने ने लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं विपक्षी मो शाहिद पुत्र उस्मान ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश को मानते हुए मो फहद आपने भाईयों के साथ आए और मारपीट की। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो बीते साल गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत टेरा निवासी इस्तिखार पुत्र अय्यूब के भतीजों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जिला प्रशासन ने कुर्क करने के आदेश दिए थे। वहीं यह भी जानकारी में आया है कि इस्तिखार के भतीजे आमिर, तारिक, शादाब और मुशेब पर पुलिस ने एनडीपीएस की कार्रवाई में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। वहीं पीड़ित मो. फहद बताते है कि इस्तिखार के बड़े भाई मुश्ताक पुत्र अय्यूब लगभग पिछले चार दशक से प्रधान हैं। इस दौरान उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग करके तालाब की सरकारी भूमि पर घर भी बनवा लिया है। यही नहीं गांव की कई सरकारी जमीनों पर भी कब्जा करके रखा है। विरोध करने पर पिटवाने की धमकी देते है। मो फहद बताते हैं कि बीते साल हुए पंचायत चुनाव में राकेश वर्मा पहली बार गैर मुस्लिम का प्रधान बने। इस घटना के बाद इस्तिखार ने मेरे परिवार को अपना निजी दुश्मन बना लिया और आए पीट करते। पुलिस में शिकायत होती तो वह अपने रसूख से मामले का निपटारा करा देते। इस कारण पूरा गांव उनकी दबंगई से भयभीत है।

चेयरमैन और ईओ में ठना ठनी, डीएम से की चेयरमैन ने शिकायत

संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को एक पत्र देकर अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों नगर पंचायत की बोर्ड बैठक के दौरान कुछ सभासदों द्वारा नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों के सुपरवाइजर तथा एक अन्य कर्मी के विरुद्ध शिकायत करके हटाए जाने की मांग की थी। अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी ने बगैर उनसे कोई विचार विमर्श किए बोर्ड बैठक में सुपरवाइजर तथा एक अन्य संविदा कर्मी को हटाए जाने की घोषणा कर दी थी। जिस पर नाराज नगर पंचायत अध्यक्ष कुर्सी छोड़कर चले गए थे। अध्यक्ष श्री यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत के कार्यों में पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं यही नहीं श्री यादव के मुताबिक वित्तीय मामलों में भी उनसे कोई सलाह लेकर केवल चेक काटने के समय उन्हें बताया जाता है। अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच आपसी सामंजसय ना होने के कारण नगर पंचायत के विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं। श्री यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के कार्यों से सभासदो में भी भारी रोष है। श्री यादव ने जिलाधिकारी से मिलकर अधिशासी अधिकारी धीरज कुमार सिंह द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाये जाने की मांग की है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी धीरज सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर संविदा कर्मी सुपरवाइजर व एक अन्य कर्मी को हटाया गया है, मनमानी करने की बात पूरी तरह गलत है।

रसायनिक कीटनाशक का कम से कम करें प्रयोग

संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय व किसान कल्याण विभाग के तत्वाधान मे क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र परियोजना द्वारा विकास खंड मसौली के वुमेन सर्विस में दो दिवसीय आईपीएम. ओरिएंटेशन एचआरडी. प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह तथा प्रगतिशील बागवान असद किदवई एवं अलीम किदवई ने संयुक्त रूप से किया।

संयुक्त निदेशक डा0 ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि किसानों द्वारा फसलों को कीट एवं बीमारियों से बचाने के लिए किसानों द्वारा रासायनिक कीटनाशकों का अनुचित एवं अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। रासायनिक कीटनाशक हर किसी के स्वास्थ्य के साथ दृ साथ पर्यावरण के लिए भी बेहद नुकसानदेह है। इसलिए जरुरी है कि कृषकों को प्रेरित किया जाये जिससे किसान एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आईपीएम अपनाकर उत्पादन किए गए सब्जियों एवं फलों में रसायनिक कीटनाशक के अवशेष नहीं पाए जाते हैं परिणामस्वरूप सब्जियों एवं फलों के निर्यात में सहायता मिलती है जो कि किसानों की आय दोगुनी करने में एक महत्वपूर्ण विकल्प साबित हो रहा है। डा0 सिंह ने कहा कि किसानों को जरुरत पड़ने पर केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायनिक कीटनाशक ही अंतिम विकल्प के तौर पर उपयोग करना चाहिए। वनस्पति संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार ने किसानों को सर्वेक्षण एवं निगरानी विषय पर जानकारी देने के साथ-साथ रासायनिक कीटनाशकों से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी प्रदान की। वनस्पति संरक्षण आधिकारी अमित कुमार सिंह ने एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आई.पी.एम.) के विभिन्न अवयव के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने खरीफ मौसम की फसलों में लगने वाले बीमारियों के लक्षण एवं उसके प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी राहुल सुतार ने आईपीएम के अतंर्गत आने वाले शस्य क्रियाओं के बारे में तथा अमित सिंह, सहायक, वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने यांत्रिक विधि के बारे में प्रशिक्षित करते हुए खरीफमौसम की फसलों में लगने वाले कीट की पहचान तथा उसके प्रबन्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा.सुधीन्द्र संशि ने आईपीएम जैविक विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा धर्मराज सिंह एपीपीओ ने रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग से सम्बन्धित विषय पर तथा फराज अहमद खान ने एनपीएसएस एप के बारे में जानकारी प्रदान किया। इस मौके पर आरसी आईपीएम सी लखनऊ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का किसानों द्वारा उत्साह के साथ अवलोकन किया गया। केंद्रीय टीम द्वारा किसानों के साथ खेत में जाकर मित्र कीट एवं शत्रु कीटों की पहचान कराई गई और फसलों में कीड़े के यांत्रिक नियन्त्रण हेतु फेरोमोन ट्रैप, फल मक्खी ट्रैप, लाइट ट्रैप,पीला और नीला चिपचिपा ट्रैप लगाकर उसके कार्य करने के ढंग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

बिजली कटौती से मचा हाहाकार, भाकियू ने किया प्रदर्शन

संवाददाता

बाराबंकी। बिजली की अघोषित कटौती लगातार आवाजाही और लो वोल्टेज से परेशान जनमानस का सब्र गुरूवार को टूट गया चिलचिलाती गर्मी से परेशान जनता सैकड़ों की संख्या में विभिन्न भाकियू संगठन की अगुवाई में उपकेंद्र व उपखंड देवीगंज में धरना प्रदर्शन करने पहुंच गई बात बनती न देख पब्लिक रोड पर आई गई उग्र प्रदर्शन से सकते में आए बिजली विभाग अधिशाषी अभियंता हैदरगढ़ ने लिखित आष्वासन दिया निदान का आष्वासन पत्र देकर पब्लिक के आक्रोश को शांत कराया।

जानकारी मुताबिक जनपद के उपखंड व उपकेंद्र देवीगंज के उपभोक्ताओं को बीते महीने से ही लो वोल्टेज व अघोषित कटौती कम मात्रा में बिजली प्राप्त हो रही थी जिससे आमजन आक्रोशित था, गुरूवार को भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पूर्व सूचित समय अनुसार सैकड़ों उपभोक्ता पावर हाउस पहुंच कर प्रदर्शन करने लगे क्षेत्र के जनमानस की समस्या को मद्देनजर रखते हुए भाकियू धर्मेंद्र के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव व श्री राम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएनएस त्यागी भाकियू व भाकियू श्रमिक जनशक्ति के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मो आजाद ने सैकड़ों स्थानीय कार्यकर्ता व उपभोक्ताओं के साथ पहुंच कर भाकियू चढ़ूनी के शांति भूषण सिंह वीरेंद्र के साथ आंदोलन में शामिल हो गए स्थानीय उपखंड अधिकारी व जेई से बात न बनती देख सभी संगठन सड़क पर प्रदर्शन करने लगे जिससे देख सकते में आए बिजली विभाग ने एक लिखित आश्वासन देते हुए उपभोक्ताओं के उग्र प्रदर्शन को समाप्त कराया इस मौके उपकेंद्र व उपखंड देवीगंज के जेई व एसडीओ समेत सैकड़ों की संख्या में जनमानस व उपभोक्ता व सांगठनिक कार्यकर्ता सहित श्री राम जानकी मठ भवनियापुर के महंत नागा साधू मुकुंद पुरी मौजूद रहे।

मित्र पुलिस की भूमिका में दिखे दीवान

बिजली समस्या से परेशान उपभोक्ताओं व संगठनों की भारी संख्या को शांत रखते हुए विभाग और संगठन के मध्य सामंजस्य स्थापित करवाने में असंद्रा पुलिस की भूमिका सराहनीय रही पावर हाउस पहुंचे दीवान रामजी यादव व एसके पांडेय ने जनता को समझने समझाने का काम बखूबी किया दोनों की मित्र पुलिस की भूमिका को उपभोक्ता व सांगठनिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी सराहना करते दिखे।

समाप्त होगी समस्या की जड़ होगा पूर्ण निदान

विभागीय अधिकारियों की माने तो देवीगंज में लो वोल्टेज की समस्या का मुख्य कारण सुबेहा स्थिति पावर हाउस हैं जहां की हाईटेंशन लाइन पूरी न होने से देवीगंज पावर हाउस से ही सप्लाई जारी थी सांगठनिक प्रदर्शन के चलते सकते में आए विभाग ने 33000 लाईन को जारी करने हेतु आज से कार्य चालू होने की बात लिखित तौर पर विभाग ने कही है जिससे धरना समाप्त हुआ।

बाढ़ से बचने के लिए ऊंचे स्थानों पर ले शरण: रत्नेश पाण्डेय

रामनगर, बाराबंकी। सरयू नदी किनारे बसे कोरियन पुरवा में गुरुवार को सुबह बाढ़ आने पर क्या क्या कार्य करने चाहिए इसकी जानकारी देकर बाढ़ से बचने के उपाय बताए गए। शुक्रवार सुबह नदी के किनारे ग्रामीणों को इकट्ठा कर नदी के जल स्तर को समझाते कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि जब नदी का पानी गाँवों की ओर बढ़े तो खतरा जानकर ऊँचे स्थानों पर चले जाएं। घर गृहस्थी का सामान घर के अंदर पड़े तख्त पर रखे ताकि भीगे न। प्रशासन को सूचना दे जिससे वह मदद को आ सके। उन्होंने बताया कि राजस्व, पुलिस, ब्लॉक, स्वास्थ्य सहित ग्राम प्रधान सुरक्षा में लगे है। यदि ज्यादा पानी भरा रहेगा तो तब तक भोजन भी मिलेगा जब तक पानी हटेगा नहीं। कोई भी बाढ़ आने पर घबराए नहीं बस सतर्कता बरतें। लेखपाल नूर मोहम्मद,अविनाश सिंह व प्रधान सुशील यादव ने भी बाढ़ आने से पहले नदी की हलचल समझ सुरक्षित स्थान पर आने को

संक्षिप्त खबरें

कमला हैरिस को मिल रहा डेमोक्रेट प्रतिनिधियों का समर्थन

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए आधे से अधिक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधियों का समथन मिल चुका है। साथ ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में अपने पहले 24 घंटों में सोमवार को फंड जुटाने का नया रिकार्ड बनाया है।उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए आधे से अधिक डेमोक्रेटिक प्रतिनिधियों का समथन मिल चुका है। साथ ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में अपने पहले 24 घंटों में सोमवार को फंड जुटाने का नया रिकार्ड बनाया है।दरअसल अब सभी शीर्ष डेमोक्रेट रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए उनके साथ एकजुट हो गए हैं।अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रीय पद की उम्मीदवार के लिए कमला हैरिस को मैदान में उतारा गया। दरअसल राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन की योग्यता को लेकर चिंताओं की जगह एकता के नए संकेत मिले, क्योंकि राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक बड़ा बदलाव आया है। इस बदलाव में 2024 की दौड़ के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की तैयार की गई योजनाओं को पलट दिया।जो बाइडन के जाने से उनके प्रतिनिधियों को अगले महीने होने वाले सम्मेलन में जिसे भी चुना जाएगा। हैरिस को जो बाइडन की उम्मीदवारी समाप्त करने के बाद समर्थन मिला। उसके बाद उन्होंने अपने लिए समर्थन मिला है। सोमवार को हैरिस को मिले बड़े नामों के समर्थन के बाद, जिनमें मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर, मिशिगन के ग्रेचेन व्हिटमर, इलिनोइस के जेबी प्रिट्जकर और केंटकी के एंडी बेशर शामिल हैं, संभावित प्रतिद्वंद्वियों की सूची गायब हो गई है।हाउस स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी, जो शुरू में संभावित उम्मीदवार को मजबूत करने के लिए एक प्राथमिक चुनाव को प्रोत्साहित करने वाले प्रमुख विरोधियों में से एक थीं, ने कहा कि वह पार्टी का नेतृत्व करने के हैरिस के प्रयास को उत्साह के साथ अपना समर्थन÷ दे रही हैं।

मुद्दा हल करेगा नेपाल, ओली बोले- सरकार और प्रतिबद्ध है

नेपाल। नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ सीमा मुद्दे को बातचीत और कूटनीति के जरिये हल करने को लेकर प्रतिबद्ध है।नेपाल के पीएम ओली ने सोमवार को प्रतिनिधि सभा की बैठक में सांसद दीपक बहादुर सिंह के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सीमा मुद्दे का समाधान ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों के आधार पर किया जाएगा। सांसद सिंह ने सवाल किया था कि 'चुच्चे नक्सा' (मानचित्र) में शामिल दार्चुला के लिपुलेक, कालापानी और लिम्पियाधुरा की जमीन का नेपाल कब से उपयोग कर सकेगा। जवाब में ओली बोले, 'सुगौली संधि, विभिन्न मानचित्रों, ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर भारत सरकार के साथ वार्ता व कूटनीति के माध्यम से सीमा समस्या को हल करने के लिए नेपाल सरकार प्रतिबद्ध है। 'सुगौली संधि' 1816 के अनुसार उक्त तीनों क्षेत्र व काली नदी पूर्व की सभी भूमि नेपाल की है इस विषय में नेपाल सरकार दृढ़ और स्पष्ट है। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 188 वोट हासिल करके विश्वास मत जीता है। बता दें कि उन्हें विश्वास मत जीतने के लिए 138 वोटों की जरूरत थी, जो उन्हें मिले वोटों से 50 ज्यादा है। जानकारी के मुताबिक संसद में मौजूद 263 सांसदों में से 188 ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 74 ने इसके विरोध में मतदान किया वहीं एक सांसद ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

आटा-दाल की कीमतें आसमान छूने से जनता हलकान

कराची। पाकिस्तान की जनता भयंकर महंगाई से परेशान हो चुकी है। तेल, आटा, चीन दालों के दाम बढ़ने लगे हैं। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में जनता महंगाई से हलकान है। खाना पकाने के तेल, दालें, आटा, चीनी और दूध जैसी रोजमर्रा की 25 वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इन वस्तुओं के दाम बढ़ने से पाकिस्तान में महंगाई दर 23 फीसदी से अधिक हो गई है। जनता को राहत देने के सरकार के तमाम दावों के बावजूद पिछले दिनों में दालों की कीमत में पाकिस्तानी मुद्रा में 65 रुपये प्रति किलो तक की वृद्धि हुई है, जबकि खाद्य तेल 30-40 रुपये प्रति लीटर महंगे हुए हैं।चीनी 25-30 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई है। कराची निवासी अशरफ कहते हैं, सरकार को बढ़ती कीमतों को नियंत्रित कर गरीबों की मदद करनी चाहिए। लोग सड़कों पर रात-दिन कड़ी मेहनत करते हैं, फिर भी दो वक्त का भोजन जुटा पाना मुश्किल हो गया है। सरकार को गरीबों व मध्यमवर्ग की कोई परवाह ही नहीं है। वहीं, सिकंदर कहते हैं कि महंगाई ऊपर से नीचे तक सभी को प्रभावित करती है।

सूर्य के सबसे करीबी ग्रह में मिली हीरे की मौजूदगी

बीजिंग। बीजिंग में सेंटर फॉर हाई प्रेशर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च के वैज्ञानिकों का दावा है कि बुध ग्रह में हीरे की मौजूदगी है। उन्होंने बताया कि बुध ग्रह में एक चुंबकीय क्षेत्र है।सूर्य के सबसे करीबी बुध ग्रह में बड़ी मात्रा में हीरे की मौजूदगी का पता चला है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इस ग्रह की सतह के नीचे हीरे की एक मोटी परत हो सकती है। बीजिंग में सेंटर फॉर हाई प्रेशर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च के वैज्ञानिक और अध्ययन के सह-लेखक यानहाओ लिन ने कहा कि बुध की अत्यधिक उच्च कार्बन सामग्री ये बताती है कि शायद इस ग्रह के अंदर कुछ खास हुआ है।उन्होंने बताया कि बुध ग्रह में एक चुंबकीय क्षेत्र है। हालांकि, यह पृथ्वी की तुलना में बेहद कमजोर है। इसके साथ ही नासा के मैसेंजर अंतरिक्ष यान ने अपने अध्ययन में बुध की सतह पर असामान्य रूप से काले क्षेत्रों की खोज की है। इसे ग्रेफाइट के रूप में पहचाना गया है। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार ग्रह की संरचना और असामान्य चुंबकीय क्षेत्र पर प्रकाश डालते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रहों का निर्माण संभवतः एक गर्म लावा महासागर के ठंडा होने से हुआ है। इसी तरह अन्य स्थलीय ग्रहों का विकास हुआ। इसके अलावा यह ग्रह संभवतः सिलिकेट और कार्बन से भरा हुआ था। ग्रह की बाहरी परत और मध्य मेंटल का निर्माण मैग्मा के क्रिस्टल में बदलने से हुआ था, जबकि धातुओं ने पहले इसके भीतर जमकर एक केंद्रीय कोर का निर्माण किया।

एंटनी ब्लिंकन की क्वाड देशों के नेताओं के साथ बैठक

वॉशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। एंटनी ब्लिंकन 24 जुलाई से 3 अगस्त तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दौरा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 24 जुलाई से 3 अगस्त तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वह वियतनाम, लाओस, जापान, फिलीपींस, सिंगापुर और मंगोलिया की यात्रा पर रहेंगे। पदभार संभालने के बाद से यह उनकी हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अपनी 18वीं यात्रा होगी।ब्लिंकन की इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के दोबारा चुनाव ना लड़ने की घोषणा के बाद होगी। जिसका एलान बाइडन ने रविवार को ही किया था।अपनी जापान यात्रा के दौरान ब्लिंकन टोक्यो में अपने ऑस्ट्रेलियाई, भारतीय और जापानी समकक्षों के साथ क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। सभी नेता क्षेत्रीय समृद्धि और स्थिरता के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। इसके साथ ही चारों देशों के बीच चर्चा होगी कि भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिए ठोस लाभ पहुंचाना जारी रख सकते हैं।

तुर्की में 4.7 तीव्रता का भूकंप

तुर्की। तुर्की में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तर-पश्चिमी तुर्की में आए भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई है। तुर्की सरकार ने कहा है कि अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं प्राप्त हुई है।तुर्की में 4.7 तीव्रता का भूकंप आया है। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी) ने जानकारी देते हुए बताया कि तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत कनाक्कले में स्थानीय समयानुसार शाम 5:39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।तुर्की के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, ÷वर्तमान में, कोई प्रतिकूल स्थिति की सूचना नहीं है। हम आपातकालीन कॉल सेंटर द्वारा प्राप्त प्रत्येक रिपोर्ट का मूल्यांकन कर रहे हैं।÷ सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार क्षेत्र सर्वेक्षण अभियान के जरिए स्थिति का जायजा ले रही है।पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

वेनेजुएला में अगले हफ्ते आम चुनाव,सत्ता बचाने के लिए मतदान से पहले समर्थन जुटा रहे मादुरो

एजेंसी

अगुआ कैलिएंटे। वेनेजुएला में रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान होने हैं। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपनी कुर्सी खतरे में पड़ती नजर आ रही है। ऐसे में मतदान से पहले वह सेना का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।वेनेजुएला में रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान होने हैं। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपनी कुर्सी खतरे में पड़ती नजर आ रही है। ऐसे में मतदान से पहले वह सेना का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।घास फूस वाले गैस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हल्के हरे रंग के कपड़े पहने युवा और महिलाएं मादुरो के विरोधियों की रैली से लौट रहे वाहनों को रोकते हैं। यात्रियों से उनकी पहचान पूछते हैं और उनकी कारों, ट्रकों और मोटरसाइकिलों का निरीक्षण करते हैं। इस तरह मतदान से पहले बड़े मैदानों, ऊंचे जंगली इलाकों और समुद्र तट पर ऐसी चौकियों की संख्या बढ़ गई है। जिनका मकसद सरकार के आलोचकों को डराना और कभी-कभी उन्हें हिरासत में लेना है। इस दौरान अक्सर अकेले यात्रा कर रहे लोगों से छोटी रिश्वत लेना भी शामिल है।एक सैनिक विपक्षी नेता मारिया कोरिया मचाडो के बारे में यात्रियों से पूछता है, क्या वह महिला आई? क्या वहां बहुत सारे लोग थे? एक दूसरा सिपाही उनसे फुसफुसाते हुए कहता है, यहां कोई वाई-फाई तो नहीं है।मुदरो ने साल 2013 में सत्ता संभाली। उन्होंने सरकारी नौकरियों और प्रमुख उद्योगों को नियंत्रित करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया। यही नहीं, उन्होंने विरोध प्रदर्शनों को कुचलने के लिए सैनिको तैनात करने में भी कोई संकोच नहीं किया। अब जब मादुरो की पकड़ सत्ता पर ढीली पड़ रही है तो सशस्त्र बलों के शीर्ष कमांडर अपनी वफादारी दिखाने के लिए पहले से कहीं अधिक मेहनत कर रहे हैं।हाल के दिनों में मादुरो 25 हजार पुलिस अधिकारियों के एक समारोह में भाग लेते हुए सरकार के नियंत्रण वाले टेलीविजन चैनल पर दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने दक्षिणपंथी कट्टरपंथियों के दंगा भड़काने के प्रयासों को रोकने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने दर्जनों अधिकारियों को पदोन्नत भी किया और अपने सबसे लंबे समय तक रक्षा मंत्री रहे व्लादिमीर पाडरिनो लोपेज को सम्मानित किया।मादुरो ने इस महीने एक रैली में कहा, वेनेजुएला का भविष्य हमारी जीत पर निर्भर करेगा। अगर हम फासीवादियों द्वारा शुरू किए गए खून खराबा और गृह युद्ध से बचना चाहते हैं तो हमें अब तक की सबसे बड़ी चुनावी जीत की गारंटी देनी होगी। शीर्ष नेतृत्व मादुरो के साथ मजबूती से खड़ा है। वह वोट पाने के लिए अपनी पारंपरिक तरीकों को अपनाने के बजाय विपक्षी नेताओं पर कीचड़ उछालने में जुटा है।ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल हर्नांडिज लारेज ने सोशल मीडिया पर हाल ही में एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें विपक्षी नेता मचाडो को एक सफेद बोर्ड के सामने बोलते हुए दिखाया गया है। पोस्टर में वह कथित तौर पर सशस्तर बलों को खत्म करने का आह्वान कर रही हैं। हालांकि, एक मीडिया समूह ने कहा कि उनकी तस्वीर के साथ छेड़छाड़ की गई है। मचाडो ने भी इस तस्वीर को फर्जी बताया है।

बांग्लादेश में पीएम कार्यालय, पुलिस की वेबसाइट हैक

संदेश लिखा- स्टॉप किलिंग स्टूडेंट्स'

बांग्लादेश। बांग्लादेश में हो रहे हिंसक प्रदर्शन बीच प्रधानमंत्री कार्यालय, सेंट्रल बैंक और पुलिस की आधिकारिक वेबसाइटें हैंक हो गईं। इसके बाद तीनों ही वेबासाइटों पर एक ही तरह का मैसेज देखने को मिला , जिसमें लिखा था- ऑपरेशन हंटडाउन, स्टॉप किलिंग स्टूडेंट्स''बांग्लादेश में नौकरी में आरक्षण को लेकर फैली अशांति के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय, सेंट्रल बैंक और पुलिस की आधिकारिक वेबसाइटें हैंक हो गई हैं। एक समूह द्वारा साइट हैक करने का दावा किया जा रहा है।संदेश में आगे लिखा गया, हमारे बहादुर छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को सरकार और उसके राजनीतिक साथियों द्वारा क्रूर हिंसा और हत्या का सामना करना पड़ा है। यह अब केवल विरोध नहीं है बल्कि यह न्याय, स्वतंत्रता और हमारे भविष्य के लिए एक युद्ध है।बांग्लादेश में आरक्षण में बदलाव की मांग कर रहे छात्रों की तरफ से बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन ये विरोध-प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया है। वहीं इस हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत और करीब तीन हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हिंसा की वजह से शिक्षण संस्थान, रेलवे, इंटरनेट सेवाएं रोक दी गई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की तरफ से छात्रों के इस विरोध-प्रदर्शन और हिंसा पर लगाम लगाने के लिए सेना को भी तैनात किया गया है। इतना ही नहीं किसी भी प्रदर्शनकारी को देखते ही गोली मारने के आदेश भी जारी किए गए हैं।यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, इससे पहले साल 2018 में भी आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ हिंसा हुई थी।सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए उच्च श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण को रद्द कर दिया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। जून की पांच तारीख को बांग्लादेश की हाईकोर्ट ने आरक्षण को लेकर दायर एक याचिका पर फैसला सुनाया और सरकार के आरक्षण रद्द करने के फैसले को रद्द बताया।

ट्रंप पर हमले को लेकर चीफ किंबरली चीटल ने स्वीकारी गलती

वाशिंगटन। 13 जुलाई को अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में चुनावी अभियान रैली के दौरान हुए हमले को लेकर सीक्रेट सर्विस के चीफ चीटल ने अपनी गलती स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि उस दिन सीक्रेट सर्विस से भारी चूक हुई।अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने स्वीकार किया कि एजेंसी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रक्षा करने में विफल रही।रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में अभियान रैली के दौरान हमला हुआ था, जिसमें गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी।अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की निगरानी समिति के समक्ष पेश चीटल ने अपनी गवाही में कहा, हम विफल रहे। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक के रूप में, मैं किसी भी सुरक्षा चूक के लिए पूरी जिम्मेदारी लेती हूं।हत्या का प्रयास दशकों में सीक्रेट सर्विस की सबसे महत्वपूर्ण परिचालन विफलता है।

नेतन्याहू ने कहा- राष्ट्रपति चुनाव परिणाम की परवाह नहीं

'इस्राइल अमेरिका का सहयोगी बना रहेगा'

एजेंसी

वॉशिंगटन। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अमेरिका के लोग चाहें जिसको राष्ट्रपति चुनें लेकिन इस्राइल हमेशा ही अमेरिका का मजबूत सहयोगी रहेगा।अमेरिका में इन दिनों चुनावी अभियान तेज हैं। इसी बीच जो बाइडन ने इस बार चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि भारतीय मूल की कमला हैरिस उनकी जगह लेंगी। इस बीच, अमेरिका के बेहद करीबी देश इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस्राइल हमेशा संयुक्त राज्य अमेरिका का सहयोगी बना रहेगा। राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की परवाह किए बिना हम अमेरिका के साथ अपने गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेतन्याहू का ये बयान तब आया है जब वे अमेरिका के दौरे पर हैं।इस्राइली पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, जैसे ही मैं अमेरिका दौरे के लिए रवाना हुआ, मैंने राष्ट्रपति बाइडन को युद्ध के दौरान इस्राइल की मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। मैं राष्ट्रपति के साथ अपनी महत्वपूर्ण बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं।÷ नेतन्याहू ने आगे कहा कि ऐसे समय में अमेरिका के लिए रवाना हो रहा हूं जब इस्राइल सात मोर्चों पर लड़ रहा है और वाशिंगटन में बड़ी राजनीतिक अनिश्चितता है।

मैं ट्रंप की फितरत से वाकिफ हूं :कमला हैरिस

कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति पर बोला हमला

एजेंसी

वॉशिंगटन। कमला हैरिस ने कहा कि बहुत उतार-चढ़ाव भरा समय रहा है। हम सभी बहुत सारी भावनाओं से भरे हुए हैं। हम सभी को जो बाइडन से प्यार है।अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति आम चुनाव के लिए अब प्रचार में जुट गई हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रचार अभियान टीम को संबोधित करते हुए ट्रंप के खिलाफ जमकर हमला बोला। कहा कि वह ट्रंप की फितरत से वाकिफ हैं।अभियान मुख्यालय में सैकड़ों कर्मचारियों और वर्चुअल रूप से भाग लेने वाले कई लोगों को संबोधित करते हुए हैरिस ने कहा, मैंने सभी प्रकार के अपराधियों का सामना किया है। उनके इतना बोलते ही सभी कार्यकर्ताओं ने जोर से तालियां बजानी शुरू कर दीं। उन्होंने आगे कहा, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शिकारी, उपभोक्ताओं को लूटने वाले धोखेबाज, अपने खेल के लिए नियम तोड़ने वाले धोखेबाज। इसलिए जब मैं कहती हूं कि मैं डोनाल्ड ट्रंप की फितरत को जानती हूं तो मेरी बात सुनिए।

छात्रों को किया गया मजबूर

उन्होंने कहा, जब मैं कैलिफोर्निया में अल्मेडा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय में थी, तब एक युवा अभियोजक के रूप में मैंने यौन शोषण से जुड़े मामलों में विशेषज्ञता हासिल की। डोनाल्ड ट्रंप को यौन शोषण के मामले में जूरी ने दोषी पाया था। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के रूप में, मैंने हमारे देश के सबसे बड़े फायदेमंद कॉलेजों में से एक को बंद करवा दिया। डोनाल्ड ट्रंप फायदे के लिए एक कॉलेज चलाते थे। उन्होंने छात्रों के साथ धोखाधड़ी कर उन्हें 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करने के लिए मजबूर किया था

ट्रंप की प्रचार टीम ने बाइडन और कमला हैरिस पर कसा तंज

ऐसा मौका जिंदगी में एक ही बार मिलता है

एजेंसी

वॉशिंगटन। ट्रंप की प्रचार टीम ने बयान जारी कर कहा कि तीन हफ्ते पहले अटलांटा में हुई बहस में राष्ट्रपति ट्रंप ने बाइडन को हरा दिया था, जिसके बाद जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़नी पड़ी थी।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने और उनके द्वारा अपनी डिप्टी कमला हैरिस का समर्थन करने के एक दिन बाद, डोनाल्ड ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने कहा कि एक ही साल में राष्ट्रपति पद के दो डेमोक्रेट उम्मीदवारों को हारने का मौका जीवन में एक ही बार मिलता है और इस बार वही मौका है।

ट्रंप की प्रचार टीम ने कहा कि ट्रंप के पास एक ही साल में राष्ट्रपति पद के दो डेमोक्रेट उम्मीदवारों को हराने का मौका है और ऐसा मौका जीवन में एक ही बार आता है।

कमला हैरिस को भी हराएंगे ट्रंप

उल्लेखनीय है कि बीती 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। इस हमले में ट्रंप के कान को छूकर गोली निकली थी। सीक्रेट सर्विस के जवानों ने हमलावर को मौके पर ही ढेर कर दिया था। ट्रंप की प्रचार टीम ने बयान जारी कर कहा कि तीन हफ्ते पहले अटलांटा में हुई बहस में राष्ट्रपति ट्रंप ने बाइडन को हरा दिया था, जिसके बाद जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़नी पड़ी थी। जिस तरह से ट्रंप ने बाइडन को बाहर का रास्ता दिखाया, उसी तरह वे दुनिया को दिखाएंगे की वे खतरनाक रूप से उदार कमला हैरिस को भी पछाड़ सकते हैं।

कनाडा में उपद्रवियों का दुस्साहस

एक बार फिर मंदिर को बनाया निशाना,भारत-विरोधी नारे लिखे

एजेंसी

टोरंटो। सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान टोरंटो, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों पर हिंदू मंदिरों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। एडमोंटन में एक मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह-सुबह भारत विरोधी नारे लिखे गए। इसमें भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया।सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे लिखा, एडमंटन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में फिर से तोड़फोड़ की गई। पिछले कुछ सालों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों पर हिंदू मंदिरों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया।

लोगों में नाराजगी

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी एक तस्वीर साझा की है। पोस्ट में लिखा, कनाडाई हिंदू चैंबर कॉमर्स ने इस बात की पुष्टि की है कि कनाडा के एडमंटन में बीएपीएस मंदिर को ताजा निशाना बनाया गया है। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के कुछ हिंदू सांसदों में से एक आर्य को धमकी दी गई है। इससे सभी लोगों में नाराजगी है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया केंद्रीय बजट 2024-25

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के विकसित भारत के सपनों का पहला केंद्रीय बजट लोकसभा के पटल पर रखा। इसके साथ ही सीतारमण ने लगातार सातवीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले मोरारजी देसाई के नाम लगातार छह बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड है।

केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करने से पहले वित्तमंत्री सीतारमण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। स्थापित परंपरा के तहत वित्तमंत्री केंद्रीय बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति भवन पहुंचीं और राष्ट्रपति से मुलाकात की। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। लोकसभा चुनाव के कारण अंतरिम बजट एक फरवरी, 2024 को पेश किया गया था।

दक्षिण गाजा के खान यूनिस इलाके में इस्राइली सेना का हमला

70 लोगों की मौत, 200 से अधिक घायल

एजेंसी

यरूशलम। नेतन्याहू अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन लगातार इस्राइली राष्ट्रपति से युद्ध विराम को लेकर बात कर रहे हैं। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला किया था।

इस हमले के नौ महीने बाद भी इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष जारी है।इस्राइल हमाज के बीच पिछले एक साल से संघर्ष जारी है। इस बीच गाजा पट्टी के खान यूनिस में इस्राइल ने हमला किया, जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई। इस हमले में 200 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सेना ने चेतावनी दी कि वे इस इलाके में जबरन कार्रवाई करेंगे। सेना की तरफ से दी गई चेतावनी में दक्षिण गाजा में अल मवासी मानवीय क्षेत्र के पूर्वी खान यूनिस को प्रभावित किया, जिसके कारण हजारों फलस्तीनियों को इस क्षेत्र से भागना पड़ा था।नेतन्याहू अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। बाइडन लगातार इस्राइली राष्ट्रपति से युद्ध विराम को लेकर बात कर रहे हैं।

एक साल से जारी है संघर्ष

बता दें कि पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने धक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,197 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर इस्राइली नागरिक ही थे। आतंकियों ने 251 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले आए थे। इस्राइली सेना का कहना है कि 116 बंधक अभी भी गाजा में हैं, जबकि 44 की मौत हो चुकी है। इस हमले का जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइली सेना ने गाजा पर हमले करते हुए क्षेत्र की बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया।

गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में हमला

इस साल की शुरुआत में ही खान यूनिस में कई बार हमले किए गए। ताजा घटना स्वास्थ्य मंत्रालय के उस बयान के नौ दिन बाद की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अल-मवासी में किए गए हमले में 92 लोगों की मौत हो गई। इस्राइल ने कहा कि वह हमास के कमांडर को निशाना बना रहे थे। इस्राइल ने हमास को पूरी तरह से नष्ट करने की कसम खाई थी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

बांग्लादेशियों को शरण देने के ममता बनर्जी के बयान पर राज्यपाल ने मांगा जवाब

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनकी टिप्पणी पर रिपोर्ट मांगी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे हिंसा-प्रभावित बांग्लादेश के लोगों को आश्रय देंगी। यह जानकारी राजभवन ने मंगलवार को दी है।

राजभवन मीडिया सेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाहरी मामलों को संभालने का अधिकार केंद्र सरकार का है।

उन्होंने लिखा, किसी विदेशी देश से आने वाले लोगों को शरण देने का मामला केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

एक मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की सार्वजनिक घोषणा करना कि वे विदेशी नागरिकों को आश्रय देने की जिम्मेदारी ले रही हैं, संविधान के गंभीर उल्लंघन का संकेत देता है।'

कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे जो बाइडन

राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के फैसले को बताया सही

एजेंसी

वॉशिंगटन। बाइडन ने प्रचार टीम से कमला हैरिस को बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार अपनाने की अपील की। बाइडन के नाम वापस लेने के बाद अब बाइडन प्रचार टीम, हैरिस प्रचार टीम हो गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के अपने फैसले को सही कदम बताया और कहा है कि वह नवंबर में होने वाले आम चुनावों के लिए अपनी डिप्टी कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे। जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के नए उम्मीदवार के तौर पर अपना समर्थन दिया है।

लेकिन मिशन नहीं बदला है

स बातचीत में बाइडन ने प्रचार टीम से कमला हैरिस को बतौर राष्ट्रपति उम्मीदवार अपनाने की अपील की। बाइडन के नाम वापस लेने के बाद अब बाइडन प्रचार टीम, हैरिस प्रचार टीम हो गई है। बाइडन ने कहा कि प्रचार अभियान टीम का नाम भले ही बदल गया है, लेकिन मिशन वही है डोनाल्ड ट्रंप को हराना। पिछले महीने राष्ट्रपति पद की पहली बहस में डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन पर भारी पड़े थे। उसके बाद से ही बाइडन की उम्मीदवारी पर संकट के बादल मंडराने शुरू हो गए थे। बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका में ट्रंप के प्रति जो सहानुभूति की लहर उठी, उ

सोनाक्षी ने डरते-डरते पिता को बताया था जहीर के बारे में

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को लगभग एक महीना हो गया है और खुशनुमा यादें जल्द ही फीकी नहीं पड़ने वाली हैं। लगभग सात साल लंबे रिलेशन में रहने के बाद दोनों 23 जून को मुंबई के बांद्रा में अभिनेत्री के अपार्टमेंट में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध गए।

अब, हाल ही में एक इंटरव्यू में जहीर ने सोनाक्षी के पिता शत्रुघ्न सिन्हा से मुलाकात को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने उनकी शादी के बारे में बातचीत शुरू की। सोनाक्षी और जहीर ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने अपने रिश्ते की खबर सोनाक्षी के पिता व दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को दी और कपल ने उन अफवाहों पर भी बात की जिसमें कहा गया कि उनका परिवार इस शादी के खिलाफ था। इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने स्वीकार किया कि जब उन्होंने अपने पिता शत्रुघ्न सिन्हा से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी की योजना के बारे में बात की तो वे घबरा गई थीं। अभिनेत्री ने एक मीडिया पोर्टल को बताया-जब मैंने अपने पिता को हमारे बारे में बताया, तो मैं भी बहुत घबरा गई थी। मुझे नहीं पता था कि वह कैसे प्रतिक्रिया देंगे। मैं इसे वास्तव में शांत रखने की कोशिश कर रही थी। मैंने उनसे पूछा, क्या आप मेरी शादी के बारे में चिंतित नहीं हैं क्योंकि आपने मुझसे इसके बारे में कुछ नहीं पूछा है? उन्होंने कहा- मैंने आपकी मां से पूछा है अपनी बेटी से पूछो। फिर मैंने उन्हें बताया कि मेरे जीवन में जहीर नाम का एक लड़का है, और उन्होंने कहा-हां मैंने भी पढ़ा था।

सोनाक्षी बताती हैं कि उनके पिता ने कहा- तुम लोग बड़े हो गए हो मिया बीवी राजी तो क्या करेगा काजी

सोनाक्षी बताती हैं कि उनके पिता ने कहा- तुम लोग बड़े हो गए हो मिया बीवी राजी तो क्या करेगा काजी। मैं सोच रही थी, ओह, यह तो आसान था! मुझे एहसास हुआ कि मेरे पिता कितने शांत और शांत हैं। वह हमारे रिश्ते को लेकर वास्तव में सहायक थे। जहीर इकबाल ने कहा कि उनके ससुर शत्रुघ्न सिन्हा सबसे प्यारे हैं। जहीर इकबाल ने अपने ससुर शत्रुघ्न सिन्हा की खूब तारीफ की। अभिनेता ने बताया-मैं उनके घर गया और मैं घबराया हुआ था, क्योंकि उस पल तक मैंने उनसे आमने-सामने कभी बात नहीं की थी। जिस पल हमने बातचीत शुरू की, हमने लाखों चीजों पर चर्चा की और हम दोस्त की तरह बन गए। बेशक, मैंने उनसे यह भी कहा कि मैं उनसे (सोनाक्षी सिन्हा) शादी के लिए पूछना चाहता हूं। मुझे पता है कि उनकी छवि डराने वाले की है, लेकिन वे बहुत सच्चे, शांत स्वभाव के हैं और वे सबसे प्यारे व्यक्ति हैं जिनसे मैं लंबे समय में मिला हूं।

सानू आजकल शीशा बड़ा छेड़ दा पर दीपिका सिंह ने किया बेहद खूबसूरत डांस

एक्ट्रेस ने रेड कलर का सूट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं

दीया और बाती हम से नेम फेम कमाने के बाद टीवी एक्ट्रेस दीपिका सिंह की किस्मत पूरी तरह बदल चुकी है। वह अपनी एक्टिंग के अलावा, डांस वीडियो के लिए भी काफी सुर्खियों में बनी रहती हैं।

एक्ट्रेस ने सोमवार को अपनी एक डांस वीडियो साझा की जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। दीपिका सिंह ने अपनी इस डांस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो में वह पंजाबी गाना सानू आजकल शीशा बड़ा छेड़ दा पर डांस करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का सूट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस सूट के साथ उन्होंने ग्रीन कलर का दुपट्टा कैरी किया हुआ था। लुक की बात करें तो उन्होंने अपना बालों को खुला रखा और माथे पर बिंदी और गले में मंगलसूत्र पहना, साथ दोनों हाथों में एक-एक कंगन थे।

उनके लुक को देख ऐसा लग रहा था कि उन्होंने शूटिंग के बीच अपने इस डांस वीडियो को बनाया है।

सानू आजकल शीशा बड़ा छेड़ दा गाने को पंजाबी फिल्म इक्को मिक्के से लिया गया है। इस गाने में आवाज देने के साथ-साथ लिरिक्स लिखने और कंपोज करने का काम सतिंदर सरताज ने किया है। फिल्म में सतिंदर सरताज, अदिति शर्मा, सरदार सोही, महाबीर भुल्लर, शिवानी सैनी, वंदना शर्मा, बेगो बलविंदर, विजय कुमार, नवदीप कलेर, मनिंदर वैली, राज धालीवाल, नूर चहल, उमंग शर्मा जैसे शानदार कलाकार लीड रोल में हैं। एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो एक्ट्रेस ने छोटे पर्दे पर दीया और बाती हम सीरियल से डेब्यू किया। इसमें उन्होंने संध्या राठी का किरदार निभाया। इस शो से वह रातों रात फेमस हो गईं। इसके बाद वह कवच... महाशिवरात्रि में दिखाई दीं। साल 2018 में, उन्होंने द रियल सोलमेट वेब सीरीज में भी काम किया। फिलहाल, वह मंगल लक्ष्मी में नजर आ रही हैं। यह दो बहनों मंगल और लक्ष्मी की कहानी है। मंगल चाहती है कि उसकी बहन को ऐसा घर मिले जहां उसका सम्मान हो। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है।

कमला हैरिस को कॉल गर्ल कहने पर भड़कीं कंगना रनौत

कमला हैरिस को लेकर खूब मीम्स वायरल हो रहे हैं. इसपर एक्ट्रेस कंगना रनौत ने रिएक्ट किया है. वे अमेरीकी वाइस प्रेसिडेंट को कॉल गर्ल कहने पर भड़की हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं. अब एक्ट्रेस ने अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस के सपोर्ट में अपनी राय दी है. दरअसल हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस बार चुनाव ना लड़ने का फैसला करते हुए अपनी जगह कमला हैरिस को दे दी जिसके बाद कमला हैरिस को लेकर काफी मीम्स वायरल हो रहे हैं। अब कंगना रनौत ने कमला हैरिस पर वायरल हो रहे एक मीम पर अपना रिएक्शन दिया है. इस मीम में कमला को कॉल गर्ल कहा गया है। मीम में लिखा है- इस स्कैंडल को याद रखें. सीए स्टेट स्पीकर विली ब्राउन हाई एंड कॉल गर्ल कमला हैरिस के साथ. कंगना ने इसपर रिएक्ट करते हुए इसे लैंगिक भेदभाव बताया है. इस हद तक लैंगिक भेदभाव का सामना...।

कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये मीम शेयर करते हुए लिखा- क्योंकि बाइडेन ने हैरिस का सपोर्ट किया है, सोशल मीडिया ऐसे मीम्स से भरा पड़ा है. मैं डेमोक्रेट्स का सपोर्ट नहीं करती, लेकिन ये एंटरटेनिंग है कि अमेरिका में भी एक बुजुर्ग महिला राजनेता, जो कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रह चुकी हैं, उन्हें इस हद तक लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है बीजेपी सांसद ने आगे लिखा- ईमानदारी से कहें तो ये अमेरिकी सोचते हैं कि वे बहुत मॉडर्न हैं. लेकिन ईमानदारी से कहें तो वे भारतीयों से भी बदतर हैं. शर्म करो।

मंडी से सांसद बनीं एक्ट्रेसबता दें कि कंगना रनौत ने इस साल राजनीति में कदम रखा है. इस बार के लोकसभा चुनावों में एक्ट्रेस अपने होम टाउन हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी से चुनाव लड़कर सांसद चुनी गई हैं.

कंगना रनौत का वर्कफ्रंट वर्कफ्रंट पर कंगना रनौत आखिरी बार फिल्म तेजस में नजर आई थीं. ये फिल्म पर्दे पर फ्लॉप साबित हुई थी. अब वे फिल्म इमरजेंसी में दिखाई देंगी. उनकी ये पीरियड-ड्रामा 7 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने कान छिदवाए, बोलीं- यह प्यारा है

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने कान छिदवा लिए हैं। एक्ट्रेस ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक वीडियो भी शेयर किया है।

वीडियो में उन्हें नये इयर रिंग दिखाते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने अपने फॉलोअर्स को अपने पियर्सिंग के बारे में भी बताया। वीडियो में एक्ट्रेस को इंडियन ड्रेस में देखा जा सकता है। वह नई एक्सेसरी दिखाते हुए मुस्कुरा रही हैं। अनन्या ने वीडियो के साथ लिखा, आज अचानक से मैंने अपने कान छिदवाने का फैसला किया और यह प्यारा है। इससे पहले अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी वैनिटी वैन के अंदर की एक फोटो शेयर की थी, जिसमें उनकी जरूरी चीजें दिखाई गई थीं।

अनन्या ने सलमान खान, करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर के पोस्टर की ओर इशारा किया। अनन्या ने फोटो के कैप्शन में लिखा था, मेरी वैनिटी वैन की जरूरी चीजें।

हालांकि, बाद में एक्ट्रेस ने अपनी वैनिटी वैन की एसेंशियल की स्टोरी को डिलीट कर दिया।

इस बीच, अनन्या के अब भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ नजदीकियां बढ़ाने की अफवाह है। ऐसा कहा जाता है कि अनन्या का कथित तौर पर एक्टर आदित्य रॉय कपूर के साथ ब्रेकअप हो गया। अनन्या और हार्दिक दोनों के प्रशंसक उनकी बढ़ती नजदीकियों को लेकर उत्साहित हैं।

दिमाग को हमेशा दुरुस्त रखने के लिए करें एरोबिक व्यायाम

अच्छे मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और कुछ खास तरह की गतिविधियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। इन व्यायामों और गतिविधियों का समावेश अपनी दिनचर्या में करने से आप मस्तिष्क की कार्यक्षमता को सुधार सकते हैं, स्मृति को मजबूत कर सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं, और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकते हैं। इस विशेष बात को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित लेख में हम इन व्यायामों के फायदों और विस्तार से बात करेंगे।

एरोबिक व्यायाम

मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बढ़ाता है, नए मस्तिष्क कोशिकाओं के विकास को प्रोत्साहित करता है, मूड को सुधारता है, स्मृति और प्रसंस्करण गति सहित चेतना की क्षमता में सुधार करता है।

सामयिक ध्यान

तनाव और चिंता को कम करता है, ध्यान और एकाग्रता में सुधार करता है, भावनात्मक नियंत्रण में सुधार करता है, समग्र मस्तिष्क स्वास्थ्य और सहनशीलता को बढ़ाता है।

शक्ति प्रशिक्षण

मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, मस्तिष्क कार्यक्षमता को बढ़ाता है, स्मृति में सुधार करता है, और मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले रसायनिक उत्पादों के निर्माण में सहायक होता है।

योग

शारीरिक आसनों, प्राणायाम, और ध्यान का संयोजन करता है, लचीलापन, संतुलन, और मानसिक स्पष्टता में सुधार करता है, तनाव को कम करता है और विश्राम को बढ़ाता है, चेतना की क्षमता को बढ़ाता है।

पहेलियाँ और मस्तिष्क खेल

समस्या हल, महत्वपूर्ण सोच, और स्मृति को बढ़ाता है, नई कार्यों और पैटर्न के साथ मस्तिष्क को चुनौती देता है, न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ाता है।

नृत्य

शारीरिक व्यायाम को मानसिक उत्तेजना के साथ मिलाकर मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाता है, समरूपता और स्थानिक जागरूकता में सुधार करता है, स्मृति को बढ़ाता है, और संगीत और सामाजिक संवाद के माध्यम से मूड को बेहतर बनाता है।

ताई ची

संतुलन, लचीलापन, और मानसिक ध्यान में सुधार करता है, तनाव और चिंता को कम करता है, गहरी सांस लेने और सामयिक ध्यान के साथ गतिविधियों को संयोजित करता है, चेतना की क्षमता को बढ़ाता है।

इन व्यायामों और गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं।

कोग्निटिव क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं, और बुढ़ापे के साथ मस्तिष्कीय कमजोरी का खतरा कम कर सकते हैं।

डिलीवरी के बाद कलाई में हमेशा रहता है दर्द, तो पहनें कलाई का ब्रेस

मां बनाना जितना खुशनुमा है उतना ही यह कई परेशानियां भी लेकर आता है। प्रेग्नेंसी तक ही नहीं डिलीवरी के बाद महिलाओं को कई तरह की चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। महिलाओं को होने वाली परेशानियों में से एक है कलाई में दर्द, जिसकी शिकायत अकसर डिलीवरी के बाद होती है। बच्चे के जन्म के बाद मां की कलाई में दर्द एक सामान्य समस्या है, लेकिन उचित देखभाल और सही उपायों से इसे कम किया जा सकता है। सही पोषण और आराम के साथ, मां जल्द ही अपने सामान्य जीवन में वापस आ सकती है। जानते हैं कैसे

कलाई में दर्द के मुख्य कारण:

- यह स्थिति तब होती है जब कलाई की उंगलियों की ओर जाने वाली नसें सूज जाती हैं।
- बच्चे को उठाने, दूध पिलाने, और अन्य दैनिक कार्यों में कलाई पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे यह दर्द होता है।
- गर्भावस्था और प्रसव के बाद हार्मोनल परिवर्तन भी मांसपेशियों और नसों में बदलाव का कारण बन सकते हैं, जिससे कलाई में दर्द होता है।
- नींद की कमी और शारीरिक थकान भी मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द का कारण बन सकते हैं।

दर्द से राहत के उपाय:

आराम और समर्थन: कलाई को आराम दें और उसे समर्थन प्रदान करें। कलाई का ब्रेस पहनना लाभकारी हो सकता है। बच्चे को उठाते समय सही पोजिशन का ध्यान रखें ताकि कलाई पर कम दबाव पड़े।

स्ट्रेचिंग और व्यायाम: कलाई की मांसपेशियों को स्ट्रेच करें और हल्के व्यायाम करें जो दर्द को कम करने में मदद करें। हाथों को आगे और पीछे की ओर स्ट्रेच करें।आइस पैक और हीट पैक- आइस पैक लगाने से सूजन और दर्द कम हो सकता है। गर्म पानी में हाथ डुबोकर रखने से भी आराम मिल सकता है।

प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल युक्त आहार का सेवन करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, दूध, दही, अंडे, मछली, और नट्स शामिल करें

मालिश: कलाई की हल्की मालिश करें ताकि रक्त संचार बेहतर हो और दर्द कम हो।

प्रसव के बाद मां का खान-पान:

प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल युक्त आहार का सेवन करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, दूध, दही, अंडे, मछली, और नट्स शामिल करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं।आयरन और कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जैसे कि दूध, पनीर, दही, हरी सब्जियाँ, और ड्राई फ्रूट्स। ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे कि मछली, अलसी, और अखरोट, शामिल करें। कब्ज से बचने के लिए फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे कि साबुत अनाज, फल, और सब्जियां, खाएं।

अरमान-कृतिका का वीडियो वायरल होने के बाद बैन होगा बिग बास ओटीटी 3?

जियो सिनेमा पर बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रसारित किया जाता है. ये शो 24 घंटे के लिए लाइव है और इस बार अरमान मलिक-कृतिका मलिक सबसे चर्चित कपल हैं। पिछले दिनों उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हुआ जिसके बाद उनकी खूब आलोचनाएं हुईं. अब शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने बिग बॉस ओटीटी 3 को बैन करने की मांग उठाई है शिवसेना की एक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) जिनका नाम मनीषा कायंदे है, उन्होंने सोमवार को रियलिटी शो बिग बॉस का प्रसारण बंद करने की मांग की है. मनीषा कायंदे ने दावा किया कि शो के हालिया एपिसोड में अश्लील सामग्री प्रसारित की गई थी। मनीषा कायंदे करवाना चाहती हैं बिग बॉस ओटीटी बैन शिवसेना नेता ने एक नोट जारी किया है जिसमें बिग बॉस ओटीटी को बैन करने की बात कही गई है. महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना की प्रवक्ता मनीषा कायंदे ने मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर से मुलाकात की और शो का प्रसारण बंद करने की मांग की है. कायंदे ने कहा कि 18 जुलाई को प्रसारित एपिसोड में बिग बॉस के बेडरूम में एक कंटेस्टेंट अरमान मलिक को कृतिका मलिक के साथ अंतरंग पलों में दिखाया गया था.मनीषा कायंदे ने कहा, %इस जोड़े ने मानवीय संबंधों और सामाजिक मानदंडों की सभी सीमाओं को लांघ दिया. यहां तक कि बच्चे भी यह शो देखते हैं और इसका उन पर असर पड़ता है. बिग बॉस अब एक पारिवारिक शो नहीं रह गया है. अरमान मलिक और कृतिका मलिक ने सारी हदें पार कर दीं। मनीषा कायंदे ने कहा कि शो को बंद किया जाना चाहिए और शो के निर्माताओं एवं इसे प्रसारित करने वाली कंपनी के सीईओ के खिलाफ साइबर अपराध कानूनों के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।